

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 42 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 22 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान को मिसाइल से बनाया निशाना, पायलट ने बीच में छोड़ा मिशन

20 नवंबर की घटना बताकर ईरानी सेना ने किया हमला करने का दावा, विमान की आपात लैंडिंग की भी कही बात; अमेरिकी पक्ष से आधिकारिक पुष्टि नहीं

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरानी सेना ने दावा किया है कि उसने 20 नवंबर को दक्षिणी ईरान के हवाई क्षेत्र में अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान को निशाना बनाया। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम और सेना के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमान की पहचान कर उस पर मिसाइल दागी। दावा है कि मिसाइल विमान के बेहद करीब विस्फोट हुई, जिससे उसे नुकसान पहुंचा और अमेरिकी पायलट को अपना मिशन बीच में रोकना पड़ा।

ईरानी पक्ष के मुताबिक, दक्षिणी ईरान में तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने रडार के माध्यम से विमान को ट्रैक किया और उसे निशाने पर लिया। इसके बाद दागी गई मिसाइल विमान के नजदीक जाकर फटी। ईरान का दावा है कि इसके बाद विमान को नजदीकी हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का हुनर और कौशल बनेगा सबसे बड़ी ताकत : प्रधानमंत्री मोदी

आईटीआई और आईआईटी के विद्यार्थियों को समान सम्मान देने की जरूरत, कौशल आधारित शिक्षा को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ने पर दिया जोर

लखनऊ में पांचवें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में मेधावी प्रशिक्षार्थियों को किया सम्मानित, बोले- हुनरमंद हाथों से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत



समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण युवाओं के हुनर, कौशल और तकनीकी दक्षता के बल पर ही संभव होगा। देश के विकास में कौशल आधारित शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज में आईटीआई के विद्यार्थियों को लेकर बनी हीनभावना को बदलने की जरूरत बताते हुए कहा कि जितना सम्मान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के विद्यार्थियों को मिलता है, उतना ही सम्मान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) से प्रशिक्षित युवाओं को भी मिलना चाहिए। बड़ी-बड़ी कंपनियों और उद्योगों को संचालित करने में आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रधानमंत्री शनिवार को लखनऊ में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने देशभर के मेधावी प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कौशल विकास को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि आईटीआई में सीखा गया हुनर और कौशल विकसित भारत की सबसे बड़ी ऊर्जा है। देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं के हाथों को हुनरमंद बनाना और उनके कौशल को उचित पहचान देना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की पारंपरिक व्यवस्था में कौशल और हुनर का विशेष महत्व रहा है। गांवों की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन अलग-अलग व्यवसायों, कलाओं और सेवाओं पर आधारित था। देश के कारीगर अपनी कला और दक्षता के दम पर दुनिया में पहचान रखते थे। लेकिन विदेशी आक्रमणकारियों और बाद में अंग्रेजी शासन के दौरान इस कौशल परंपरा को गंभीर नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि आक्रमणकारियों ने भारतीय कारीगरों के हुनर को कमजोर करने का प्रयास किया, जबकि अंग्रेजों ने ऐसी शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया, जिसमें कौशल आधारित कार्यों के बजाय कागजी काम को अधिक प्रतिष्ठा मिलने लगी।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज भी कई परिवार अपने बच्चों के आईटीआई में दाखिला लेने की बात रिश्तेदारों को बताने में संकोच करते हैं। यह स्थिति बदलनी होगी। कौशल आधारित शिक्षा को सम्मान और प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए, क्योंकि देश की औद्योगिक प्रगति में प्रशिक्षित तकनीकी युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईआईटी हो या आईटीआई, दोनों देश की अमानत, सामर्थ्य और भविष्य हैं।

पारंपरिक हुनर भारत की सांस्कृतिक पहचान

प्रधानमंत्री ने भारत की पारंपरिक कला और शिल्प का उल्लेख करते हुए चिकनकारी, बनारसी और कांजीवरम रेशम, कश्मीरी पश्मीना, कलमकारी तथा धातु शिल्प जैसी कलाओं को देश की विशिष्ट पहचान बताया। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध कौशल परंपरा को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से जोड़कर नई संभावनाएं पैदा की जा सकती हैं। पारंपरिक हुनर को आधुनिक बाजार, तकनीक और उद्योगों से जोड़ना समय की जरूरत है।

यूपी के 150 से अधिक आईटीआई में आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से प्रदेश के 150 से अधिक आईटीआई में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स और त्रिआयामी मुद्रण जैसी उभरती तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से 12 हजार से अधिक युवाओं को परिसर में ही रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 में रोजगार मेलों के माध्यम से भी 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षित करने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार किया जा रहा है।

समारोह में प्रधानमंत्री के संबोधन ने कौशल आधारित शिक्षा को सामाजिक सम्मान देने, पारंपरिक हुनर को संरक्षित करने और आधुनिक तकनीक के साथ युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने का संदेश दिया।

अरुणाचल प्रदेश पुलिस को मिला राष्ट्रपति निशान, अमित शाह ने किया सम्मानित



समाज जागरण

ईटानगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में राज्य पुलिस को राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट्स कलर) प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान अरुणाचल प्रदेश पुलिस के साहस, अनुशासन, समर्पण और पेशेवर दक्षता का प्रतीक है। यह उपलब्धि पूरे प्रदेश की जनता के लिए भी गर्व का विषय है। अरुणाचल प्रदेश राष्ट्रपति निशान प्राप्त करने वाला देश का 17वां पुलिस बल बन गया है। गृह मंत्री ने कहा कि 1971 में अरुणाचल प्रदेश पुलिस की शुरूआत हुई थी। आज यह बल 16 हजार से अधिक कर्मियों के साथ चार रेंज और 29 पुलिस जिलों में अपनी सेवाएं दे रहा है। उन्होंने कहा कि 1863 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण अरुणाचल प्रदेश की सुरक्षा पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य की सीमाएं चीन, म्यांमार और भूटान से लगती हैं।

अमित शाह ने उग्रवाद, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रपति निशान मिलने से पुलिस बल का मनोबल बढ़ेगा और वह अधिक समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा।

मुंबई एयरपोर्ट के पास बने नमाज स्थल पर हटाने का खतरा, एमएमआरडीए ने दिया निर्देश

मुंबई। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बने एक नमाज स्थल को एमएमआरडीए ने अनधिकृत बताते हुए मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण ने स्थल के गेट पर नोटिस भी चस्पा किया है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों से इस स्थल का बिजली बिल जनता भर रही थी। वहीं, मस्जिद समिति ने अवैध निर्माण के आरोपों को खारिज करते हुए इसे अस्थायी प्रार्थना स्थल बताया है। समिति का दावा है कि इसका निर्माण एयरपोर्ट प्राधिकरण की अनुमति से हुआ था।

हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हुई सीएम योगी की मां, छोटे भाई ने दी मुखाग्नि

समाज जागरण

हरिद्वार। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके छोटे बेटे महेंद्र मोहन बिष्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच मुखाग्नि दी। मां को अंतिम विदाई देते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो उठे। उन्होंने मां की अर्थी को कंधा दिया और नम आंखों से अंतिम विदाई दी।



सावित्री देवी की अंतिम यात्रा उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर से हरिद्वार पहुंची। मुख्यमंत्री योगी भी पार्थिव शरीर के साथ हरिद्वार पहुंचे। चंडी घाट पर उन्होंने मां की अर्थी को कंधा दिया और चिता की परिक्रमा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंतिम संस्कार में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, संजय निषाद, सांसद रवि किशन सहित कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं। विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं ने भी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंतिम संस्कार की धार्मिक रस्में संपन्न कराईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां को कंधा देते हुए अपनी तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की और महाभारत के श्लोक के माध्यम से मां के महत्व को याद किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई नेताओं ने सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

पेट्रापोल-बेनापोल सीमा से बांग्लादेश लौट सकती हैं शेख हसीना! वापसी की चर्चाओं से सियासी हलचल तेज

भारत-बांग्लादेश सीमा पर संभावित गतिविधियों को लेकर अटकलें, अवामी लीग की वापसी और बीएनपी सरकार की राजनीति पर टिकी निगाहें

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की स्वदेश वापसी को लेकर एक बार फिर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। अगस्त 2024 में सत्ता से बेदखल होने के बाद भारत में रह रहीं शेख हसीना की संभावित वापसी को लेकर बांग्लादेश की राजनीति में नए समीकरणों की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित पेट्रापोल-बेनापोल सीमा का नाम भी चर्चाओं में सामने आया है। हालांकि, इस मार्ग से उनकी वापसी की किसी आधिकारिक योजना की पुष्टि नहीं हुई है।

पेट्रापोल-बेनापोल भारत और बांग्लादेश के बीच प्रमुख जमीनी सीमा मार्ग है। भारत की ओर पेट्रापोल पश्चिम बंगाल में है, जबकि बांग्लादेश की ओर बेनापोल स्थित है। दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों की आवाजाही के लिहाज से यह महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है।

शेख हसीना की वापसी की चर्चाओं के बीच बांग्लादेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण हो गई हैं। अवामी लीग की राजनीतिक भूमिका, बीएनपी की सत्ता और देश में जारी राजनीतिक अस्थिरता को लेकर विभिन्न स्तरों पर बहस जारी है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी के सामने भी राजनीतिक चुनौतियां चर्चा का



विषय बनी हुई हैं।

कुछ खबरों में सीमा क्षेत्र में खुफिया एजेंसियों की गतिविधियों और संभावित निगरानी का दावा किया जा रहा है, लेकिन इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में शेख हसीना की वापसी की चर्चाओं और वास्तविक घटनाक्रम के बीच अंतर करना जरूरी है। फिलहाल सबकी निगाहें बांग्लादेश की राजनीति और भारत-बांग्लादेश सीमा पर होने वाले घटनाक्रम पर टिकी हैं।

सोशल मीडिया पर गोरा होने की क्रीम खरीदना पड़ा भारी, 17 वर्षीय किशोरी की किडनी हुई खराब

"इंस्टाग्राम पर प्रचार वीडियो देखकर मंगवाई थी क्रीम, बीपी गिरने, बेहोशी और पैरों में सूजन के बाद अस्पताल पहुंची किशोरी"

समाज जागरण संवाददाता

मलप्पुरम (केरल)। सोशल मीडिया पर गोरा बनाने और चेहरे के दाग-धब्बे मिटाने के दावों के झांसे में आकर एक 17 वर्षीय किशोरी ने ऐसी क्रीम का इस्तेमाल शुरू कर दिया, जिसका खामियाजा उसे गंभीर बीमारी के रूप में भुगतना पड़ा। लगातार क्रीम के इस्तेमाल के बाद किशोरी की किडनी प्रभावित हो गई। उ सकी हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शनिवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की और प्राथमिकी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार, केरल के मलप्पुरम की रहने वाली किशोरी ने इंस्टाग्राम पर कुछ प्रभावशाली लोगों के प्रचार वीडियो देखे थे। इनमें संबंधित क्रीम को मुंहासे, काले धब्बे और झाइयां दूर करने के साथ त्वचा का रंग निखारने वाला बताया गया था।



यूपी वक्फ बोर्ड सुधार: पारदर्शिता की पहल या सियासी बिसात ?



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड के कामकाज को विश्वसनीय बनाने के लिए कुछ कड़े कदम उठाए गए हैं, जिसको लेकर समाजवादी पार्टी और मुस्लिम मौलानाओं ने हो-हल्ला मचाना शुरू कर दिया है। जबकि 'उत्तर प्रदेश एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास नियमावली-2026' को मंजूरी देना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह राज्य की दशकों पुरानी सियासी और सामाजिक व्यवस्था में एक बड़े हस्तक्षेप का संकेत है। देश में सर्वाधिक वक्फ संपत्तियों वाले राज्य में नई नियमावली के 41 प्रावधानों को लागू करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अब वक्फ बोर्डों की स्वायत्तता को व्यापक जवाबदेही और आधुनिक प्रबंधन के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से, वक्फ संपत्तियों के संरक्षक यानी 'मुतवल्ली' पद के लिए स्नातक की डिग्री और हिंदी, उर्दू तथा अंग्रेजी भाषाओं के ज्ञान की अनिवार्यता एक ऐसा कदम है, जो परंपरागत और वंशवादी व्यवस्था की जड़ों पर सीधा प्रहार करता है।

दशकों से उत्तर प्रदेश में एक लाख तीस हजार से अधिक वक्फ संपत्तियों के कुप्रबंधन, अवैध कब्जों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें आम रही हैं। जिन संपत्तियों का दान समाज के गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए किया गया था, वे अक्सर स्थानीय प्रभावशाली लोगों और अपारदर्शी व्यवस्था की भेंट चढ़ती रहीं। शैक्षिक योग्यता और त्रिभाषा ज्ञान की शर्त लागू होने से निस्संदेह वक्फ प्रबंधन में पेशेवर दक्षता आएगी। डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने, केंद्रीय पोर्टल पर वार्षिक आय-व्यय का विवरण अपलोड करने और जिलाधिकारियों (डीएम) द्वारा 45 दिनों में पात्रता व चरित्र के सत्यापन जैसे प्रावधान भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में कारगर साबित हो सकते हैं। जब आम नागरिक भी निर्धारित शुल्क देकर बोर्ड के दस्तावेजों की जांच कर सकेंगे, तो पारदर्शिता की एक नई संस्कृति विकसित होगी।

हालांकि, भारतीय राजनीति की विडंबना यह है कि यहां कोई भी बड़ा प्रशासनिक सुधार सियासी चश्मे से बच नहीं पाता। इस फैसले के बाद 'सुधार बनाम वोट बैंक की राजनीति' पर छिड़ी बहस स्वाभाविक है। विपक्ष इसे धार्मिक मामलों में सरकारी दखलअंदाजी और वक्फ बोर्ड के स्वायत्त चरित्र को कमजोर करने की साजिश बता रहा है। इसके उलट, सत्तारूढ़ दल इसे 'सबका साथ, सबका विकास' और विशेष रूप से मुस्लिम समाज के पिछड़े यानी 'पसमांदा' वर्ग तथा महिलाओं के सशक्तीकरण से जोड़कर देख रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में यह कदम दोधारी तलवार की तरह है–एक ओर यह सरकार के कोर मतदाताओं को यह संदेश देता है कि तुष्टीकरण की नीतियों को समाप्त किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यह वक्फ संपत्तियों पर कुछ चुनिंदा रसूखदार परिवारों के एकाधिकार को तोड़कर आम मुसलमानों के बीच पैठ बनाने की कोशिश भी है।

इस वर्तमान टकराव की जड़ें अतीत की उस राजनीति में गहरी धंसी हुई हैं, जहां वक्फ कानूनों को अक्सर मुस्लिम मतदाताओं को साधने के औजार के रूप में इस्तेमाल किया गया। 1954 के मूल अधिनियम और 1960 के यूपी मुस्लिम वक्फ अधिनियम के बाद, अस्सी और नब्बे के दशक में वोट बैंक की राजनीति ने इस व्यवस्था का स्वरूप बदल दिया। 7 अप्रैल 1989 को तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार द्वारा ग्राम समाज की बंजर और ऊसर जमीनों को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज करने की अनुमति देने वाला शासनादेश इस तुष्टीकरण का एक बड़ा उदाहरण था, जिसे 2022 में योगी सरकार ने रद्द किया। इसके बाद 1995 के केंद्रीय कानून और उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा सरकारों के दौर में वक्फ बोर्ड राजनीतिक संरक्षण का केंद्र बन गए। कब्रिस्तानों की चारदीवारी के लिए भारी बजट आवंटन से लेकर बोर्ड पदाधिकारियों को राज्यमंत्री का दर्जा देने तक, हर कदम के पीछे चुनावी गणित काम कर रहा था। इस कड़ी की पराकाष्ठा 2013 में यूपीए सरकार द्वारा किए गए संशोधनों में दिखी, जिसने धारा 40 के तहत वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति पर दावा करने का असीमित अधिकार दे दिया और 2014 के चुनावों से ठीक पहले दिल्ली की 123 बेशकीमती संपत्तियां बोर्ड को सौंप दी गईं।

आज योगी सरकार की नई नियमावली-2026 उसी ऐतिहासिक और राजनीतिक विरासत को पलटने का प्रयास है। यह सही है कि वक्फ संपत्तियों की लूट रोकने और उन्हें वास्तविक जरूरतमंदों के काम लाने के लिए कड़े नियमों और आधुनिक प्रबंधन की सख्त जरूरत थी। मुतवल्ली का शिक्षित होना और जिला प्रशासन की निगरानी में काम करना वक्त की मांग है। लेकिन, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस सुधार को सियासी ध्रुवीकरण से बचाकर निष्पक्ष रूप से जमीन पर उतारने की होगी। यदि जिलाधिकारियों की भूमिका केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करने तक सीमित रहती है और प्रशासनिक मशीनरी पूर्वाग्रह से मुक्त होकर काम करती है, तो यह नियमावली वास्तव में मुस्लिम समाज के कल्याण और सुशासन का एक नया अध्याय लिख सकती है। अन्यथा, प्रशासनिक सुधार का यह नेक इरादा भी महज एक चुनावी बहस बनकर रह जाएगा।

संजय सक्सेना,लखनऊ

403 महिला विस्तारकों के सहारे बीजेपी का 2027 चुनावी दांव



2027 की सत्ता की लड़ाई में भाजपा ने आधी आबादी पर अपना दांव लगा दिया है। सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में आठ राज्यों से आईं 403 महिला विस्तारकों की तैनाती बताती है कि पार्टी महिला मतदाताओं को सत्ता की चाबी मान रही है। लखनऊ के विश्वैश्वरैया सभागार में 20 नवंबर को हुई कार्यशाला में इन्हें घर-घर पहुंचने, महिलाओं से संवाद और सरकारी योजनाओं का प्रचार करने का निर्देश दिया गया। यह महज संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, 2024 के झटके के बाद 2027 की जमीन दुरुस्त करने की कोशिश है। सवाल है कि भाजपा महिलाओं को नेतृत्व देना चाहती है या चुनाव के वक्त उनका वोट पक्का करना चाहती है? कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने 403 सीटों पर प्रवास और घर-घर संपर्क का मंत्र दिया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इसे जनविश्वास का अभियान बताया। केशव प्रसाद मौर्य ने महिला कार्यकताओं को स्टार प्रचारक कहा और ब्रजेश पाठक ने भयमुक्त प्रदेश का संदेश पहुंचाने को कहा। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, सह प्रभारी मेधा कुलकर्णी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने भी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य रखा। गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, राजस्थान और महाराष्ट्र से आईं विस्तारकों को हर सीट पर उतारना बड़ी तैयारी है। मगर उनकी असली परीक्षा स्थानीय महिलाओं का भरोसा जीतना होगी।

भाजपा की सक्रियता को केवल महिला सशक्तीकरण का अभियान बताकर नहीं समझा जा सकता। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में भाजपा 33 पर सिमट गई, जबकि सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह सीटें जीतीं। 2019 में भाजपा अकेले 62 सीटें जीत चुकी थी। यह गिरावट बताती है कि सत्ता, संगठन और योजनाओं के बावजूद मतदाता नाराज हो सकता है। बेरोजगारी, महंगाई, आरक्षण, संविधान और स्थानीय असंतोष ने भाजपा के मजबूत किले में सेंध लगाई। अब पार्टी घर-घर पहुंचकर वह भरोसा जोड़ना चाहती है, जिसे नारों से वापस नहीं पाया जा सकता। महिलाओं का मतदान प्रतिशत भाजपा की रणनीति का बड़ा कारण है। 2022 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान 62.24 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुषों का 59.56 प्रतिशत था। लेकिन अधिक मतदान को किसी दल की जेब में पड़ा वोट समझना भूल होगी। महिला मतदाता एकरंगी समूह नहीं हैं। दलित, पिछड़ी, मुस्लिम, सवर्ण, ग्रामीण और शहरी महिलाओं के अनुभव अलग हैं। किसी के लिए रसोई का खर्च बड़ा सवाल है, किसी के लिए मजदूरी, नौकरी, पढ़ाई, इलाज या सुरक्षित आवागमन। भाजपा इन विविध सवालों को सरकारी उपलब्धियों के पोस्टर से ढकेगी तो भरोसा खो देगी।

हर बूथ पर महिला कार्यकताओं की तैनाती और महिलाओं को संगठन से जोड़ने की योजना प्रभावशाली लगती है। लेकिन असली सवाल है कि उन्हें कितनी ताकत मिलेगी। क्या वे केवल घरों में प्रचार करेंगी और मतदाताओं को बूथ तक लाएंगी, या टिकट तय करने और नीतियां बनाने में भी उनकी आवाज सुनी जाएगी? 2022 की विधानसभा में 403 सदस्यों के बीच केवल 47 महिलाएं पहुंचीं। यह बताता है कि दल महिलाओं की भागीदारी की बात करते हैं, लेकिन सत्ता में जगह सीमित रखते हैं। स्टार प्रचारक का तमगा इस कमी की भरपाई नहीं कर सकता। सरकारी योजनाओं का प्रचार विस्तारकों की जिम्मेदारी होगी। उज्ज्वला, मुफ्त राशन, आवास, शौचालय, पेंशन और स्वयं सहायता समूहों का जिक्र होगा। लेकिन लाभ की सूची और जीवन की हकीकत में बड़ा अंतर है। गैस कनेक्शन के बाद सिलिंडर भरवाने की कीमत गरीब परिवार को फिर चूल्हे की ओर धकेल सकती है। राशन पेट भरता है, स्थायी रोजगार नहीं देता। आवास के बाद भी पानी, बिजली और आमदनी की समस्या रह सकती है। स्वयं सहायता समूह तभी ताकत बनेंगे जब महिलाओं को ऋण, प्रशिक्षण, बाजार और उचित दाम मिले। विस्तारक केवल उपलब्धियां गिनाएंगी तो अभियान सरकारी विज्ञापन बन जाएगा।

महिला सुरक्षा के दावे भी इसी कसौटी पर परखे जाएंगे। सरकार भयमुक्त प्रदेश का संदेश देना चाहती है, लेकिन सुरक्षा भाषण से प्रमाणित नहीं होती। थाने में शिकायत, पुलिस की संवेदनशीलता, निष्पक्ष जांच, अदालत में सुनवाई और दोषियों को सजा इनका अनुभव ही भरोसा बनाता है। घर के भीतर हिंसा, दहेज उत्पीड़न और सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ से जूझती महिला के लिए कहना काफी नहीं कि प्रदेश सुरक्षित है। उसे रात में सुरक्षित सड़क, बस में सम्मान और शिकायत पर कार्रवाई चाहिए। विस्तारकों को इन कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा। आठ राज्यों से विस्तारक बुलाने का फैसला संगठन की ताकत भी दिखाता है और असहज सवाल भी खड़ा करता है। यदि 403 सीटों पर स्थानीय महिला नेतृत्व मजबूत है तो बाहर से इतनी बड़ी टोली क्यों बुलानी पड़ी? क्या स्थानीय महिला मोर्चा बूथ स्तर पर कमजोर है? बाहर से आई कार्यकताओं को स्थानीय भाषा, जातीय समीकरण और क्षेत्रीय समस्याएं समझनी होंगी। तयशुदा भाषण और योजनाओं की सूची पर्याप्त नहीं। महिलाओं को महसूस होना चाहिए कि उनसे वोट मांगने नहीं, उनकी बात सुनने कोई आया है।

विपक्ष के सामने भी चुनौती कम नहीं है। 2024 में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतकर भाजपा को कड़ी शिकस्त दी। अखिलेश यादव का पीडीए सामाजिक प्रतिनिधित्व का सवाल उठाता है, लेकिन महिलाओं की जरूरतों पर स्पष्ट कार्यक्रम के बिना यह नारा अधूरा है। विपक्ष को महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और राजनीतिक हिस्सेदारी पर ठोस विकल्प देना होगा। केवल भाजपा की आलोचना या जातीय समीकरणों का जोड़-घटाव महिला मतदाताओं का भरोसा नहीं जीतेगा। जो दल महिलाओं को चुनावी संख्या समझेगा, उसे उनके सवालों का जवाब भी देना होगा। 403 विस्तारकों की तैनाती से भाजपा ने साफ कर दिया है कि 2027 की लड़ाई में आधी आबादी को नजरअंदाज करने का जोखिम वह नहीं लेना चाहती। लेकिन भरोसा प्रवास, कार्यशाला और प्रचार सामग्री से नहीं खरीदा जा सकता। महिलाओं को रोजगार, सुरक्षा, सम्मान, प्रतिनिधित्व और योजनाओं का वास्तविक लाभ चाहिए। विस्तारक शिकायतें सुनें, जवाबदेही तय कराएं और महिलाओं को संगठन के फैसलों में जगह दिलाएं तो पहल सार्थक होगी। अन्यथा 403 सीटों पर 403 महिला चेहरे चुनावी सजावट बनकर रह जाएंगे। भाजपा को तय करना है कि महिलाओं को सत्ता तक पहुंचने का रास्ता देगी या सत्ता पाने के लिए उनका इस्तेमाल करेगी। 2027 में आधी आबादी का फैसला इसी फर्क पर टिक सकता। यही अंतर अभियान की नीयत और नतीजे दोनों तय करेगा।



अजय कुमार

बैठकी उत्तर प्रदेश चुनाव, "लिटमस पत्र" सिद्ध होगा



कॉल-बेल की आवाज ने चौंकाया। लपककर दरवाजा खोला, सामने बैठकी के लोग खड़े हैं। फिर क्या था,बैठकी जमनी थी जम गई.....

सरजी! बचपन के दिनों की याद है बहुरुपिये,भेष बदलकर लोगों का मनोरंजन किया करते थे। आज हमारे देश के राजनीतिज्ञ हीं उन बहुरुपियों के प्रयाय बन चूके हैं या यूं कहें कि ये राजनीतिज्ञ समझते हैं कि जनता तो महामूर्ख है उसे विभिन्न रुपों में किरदार निभाकर फंसाना आसान है।--मास्टर साहब बैठते हीं अपनी कहे।

तनी खोल के बोलीं,ओढ़ाई के जनी बोलीं ए मास्टर साहब!!--मुखियाजी सोफे पर पसरते हुए।

मुखियाजी! नाम नहीं लुंगा लेकिन आपने, चुनाव के दौरान, एक मुस्लिम के पोता-पोती, मुस्लिम पिता और क्रिस्चियन मां के बेटा-बेटी को जनेऊ धारण कर, अपने को दत्तात्रेय गोत्रीय ब्राह्मण कहकर चंदन लपेटे,मंदिर मंदिर घुमते जरुर देखा होगा। जिसके पुरखों ने सत्ता में रहते हुए हिंदूओं के हिस्से के भारत को भी मुस्लिम राष्ट्र बनाने से उठा नहीं रखा। ये बहुरुपिया भी चुनाव खत्म होते हीं भारत से हिंदूत्व को मिटा देने की बात करता है और आजकल थक हारकर देश -विदेश में,मोदी और संवैधानिक संस्थाओं को गरीयाता फिर रहा है। ऐसा हीं बहुरुपिया आजकल उत्तर प्रदेश में भी दिख रहा है।--मास्टर साहब मुंह बनाये।

लिजीये! उत्तर प्रदेश का चुनाव सर पर है तो सुन रहा हूँ कि रामभक्तों को गोलियों से भूनवाने वाले के सुपुत्र 12 दिसम्बर को प्रभु श्रीराम का दर्शन करने अयोध्या धाम जाने वाले हैं। धन्य है हमारा लोकतंत्र जो, ऐसे शख्स को प्रभु श्रीराम के शरण में जाने को मजबूर कर दिया,जिसके मुख्यमंत्री काल में,उसके सामने कोई "जय श्रीराम" का नारा लगा देता था तो पुलिस पर सवाल दागते थे कि कोई रामभक्त उनकी सभा में कैसे आ गया!!--सुरेंद्र भाई हाथ चमकाये
भाईजी!

सच में मुझे भी आश्चर्य हुआ। यही शख्स बतौर मुख्यमंत्री 2013 में चौरासी कोसी परिक्रमा पर रोक लगाई और हिंदू नेताओं, साधु-संतो की पिटाई करके गिरफ्तार करवाया, राममंदिर के लिए मनाये जा रहे संकल्प दिवस पर भी रोक लगवाईं। इतना हीं नहीं 24 नवंबर 2015 में अयोध्या में अनवरत चलने वाली रामलीला का मंचन बंद करवाया। इतना हीं नहीं तुष्टीकरण की हद करते हुए,मुस्लिम दंगाईयों और आतंकियों पर रहमत बरसाते रहे।आखिर ये राम विरोधी,राम के शरण में क्यों जा रहा!! दाल में तो काला नजर आना, स्वाभाविक है।--पारस नेता, हाथ चमकाये।

नेताजी! एमआईएमआईएम(ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के चुनाव में इस बार जबरदस्त उपस्थिति दर्शा हीं नहीं रहे बल्कि मुस्लिम वोटों को अपनी ओर आकर्षित भी कर रहे हैं जिससे घबड़ाकर,छिटकते मुस्लिम वोटों की भरपाई के लिए श्रीमान को पहली बार भगवान राम की याद आयी है। 1992 से टेंट में विराजमान रामलला आज भव्य मंदिर में विराजमान हैं लेकिन ये परिवारवादी सत्ता का दावेदार, अयोध्या, श्रीराम का दर्शन करने इसलिए नहीं गया कि उसका मुस्लिम वोटर नाराज हो जाएंगे। ये तो सर्वविदित है कि देश के मुसलमान तभी किसी दुसरी पार्टी को वोट देते हैं जबकि उनके इस्लामिक सिद्धांत की पार्टी न हो। आज उन्हें ओवैसी मिल गया है तो श्रीमान यादव किंग को,हिंदू वोटरों को रिझाने हेतु,श्रीराम याद आ गये हैं।--डा. पिंटु हाथ चमकाये।

अयोध्या रामजी के दर्शन कईला मात्र से,भगवान एहनी के कुकर्म माफ कर दिहें का!!--मुखियाजी खैनी रगड़ते हुए।

इस बीच पत्नी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.....
मुखियाजी,अगर रामभक्तों को गोलियों से भूनने वाला परिवार, यदि अपने पापों का प्रायश्चित करने भगवान श्रीराम के चरणों में जा रहे हैं तो संभवतः करुणानिधान प्रभु श्रीराम, माफीनामा स्वीकार भी कर लें लेकिन पवन पुत्र हनुमान,अपने प्रभु को लेकर किये गये अत्याचार को कभी माफ नहीं करेंगे।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

एक बात मुझे अजीब लग रहा है!!--नेताजी बोले।

उ का ए नेताजी!!--मुखियाजी उत्सुक दिखे।
राहुल गांधी आज देश-विदेश चारों ओर हंगामा मचाये है कि मोदीजी "वोट चोरी" कर लें रहें हैं नहीं तो भाजपा सत्ता में नहीं आती। दुसरी ओर कांग्रेस अखिलेश के सामने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तहत,100 सीटों के लिए भी नाक रगड़ रही है। बताइये भला जिस पार्टी को आज अकेले चुनाव लड़ने की औकात नहीं और सब मिलाकर 99-100 चुनाव हारी हो वो मोदी को "वोट चोरी" का ब्लेम लगा रही है।--नेताजी खाली कप टेबल पर रखते हुए।

खैर, नेताजी! कोई माने या न माने 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव,भाजपा के लिए भी आसान नहीं दिखता।--मैं बोल पड़ा।

उ काहें सरजी!!--मुखियाजी सर घूमाकर।

भाजपा सरकार द्वारा इस साल, यूजीसी रेगुलेशन एक्ट में किये गये संशोधनों को लेकर बीजेपी के कोर वोटर रहे सवर्णों में घोर निराशा है। यही नहीं इसके चलते 2018 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा एसटी/एससी एक्ट में किये गये संशोधनों को निरस्त कर, दोनों सदनों से पास कराकर, एसटी/एससी एक्ट में और कड़े प्रावधान बनाने वाला गड़ा मुर्दा, भी सामने आ गया है। परिणामस्वरूप, खासतौर पर सवर्णों का एक बड़ा वर्ग भाजपा से नाराज हीं नहीं है बल्कि भाजपा के संगठन और पार्टी में भी इसको लेकर काफी नाराजगी नजर आ रही है। ब्राह्मण तो खासतौर पर भाजपा से बिदक गये हैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण विगत विधानपरिषद के चुनाव में दिख गया है। जिसमें मोदीजी के हीं संसदीय क्षेत्र बनारस की,दोनों स्नातक और शिक्षक एमएलए का चुनाव,भाजपा हार गई। इसमें सवर्ण स्नातकों एवं शिक्षकों ने भाजपा से अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। इस संशोधित यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 पर सुप्रीम कोर्ट ने भले हीं स्टे लगाकर,लागू होने से रोका है लेकिन इतना तो सभी सवर्णों को खासतौर पर ब्राम्हणों को दिखने लगा है कि भले हीं देश,समाज और सनातन के लिए उसने अपना सबकुछ झोंक दिया हो लेकिन ये सत्ताधारी बलि का बकरा उसे हीं बनायेंगे। चाहे कोई राजनीतिक पार्टी क्यों न हो, आरक्षण, एसटी/एससी एक्ट, यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 जैसे तलवार, सवर्णों के गले पर हीं चलायेंगे।--मैं चुप हुआ।

सरजी, आपने जिस तरह 2018 में,भाजपा द्वारा एसटी/एससी एक्ट में किये गये संशोधनों के विरुद्ध, सोसल मीडिया द्वारा अपने लेखों के माध्यम से छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सवर्णों को,नोटा पर मुहर लगाने को उत्प्रेरित करके पटकनी दी थी, लगता है सवर्णों को पुनः नोटा का बटन दबाना पड़ेगा। राजस्थान में भाजपा शासन है लेकिन वहां हुए पंचायत चुनाव ने,भाजपा को सवर्णों की औकात दिखा दिया है। संभवतः 2018 रिटर्न,इसी यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 का हीं नतीजा है।--डा. पिंटु याद दिलाते हुए।

अरे नहीं भाई!भाजपा इस बात को महसूस कर रही है तभी तो सुप्रीम कोर्ट को बतायी है कि किसी समुदाय को यूजीसी नियमों को लेकर दिक्कत महसूस न हो इसके लिए कमिटी बनाकर निर्णय से कोर्ट को अवगत कराया जायेगा। लेकिन जहां तक मेरा अनुमान है मोदी सरकार, कमिटी बनाने से लेकर सुझाव तक को,यूपी चुनाव तक टालने का प्रयास करेगी।--मास्टर साहब ने स्पष्ट किया।

कुछ भी हो, इतना तो स्पष्ट है कि यूपी चुनाव का परिणाम,आगामी आने वाले पंजाब आदि राज्यों के चुनावों का हीं नहीं 2029 के लोकसभा के चुनाव का भी "लिटमस पत्र" साबित होगा। अच्छा अब चला जाय।--कहकर सुरेन्द्र भाई उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

ग्रेटर नोएडा के मतदान केंद्रों पर पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्कृष्ट कार्य के लिए सुपरवाइजर ममता चौधरी और बीएलओ सत्यपाल की सराहना

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश

समाज जागरण/ संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर विशेष अभियान दिवस का जायजा लिया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के सेंट जोसेफ स्कूल, अल्फा-1 और प्लूमेरिया गार्डन एस्टेट, ओमिक्रॉन-3 सहित अन्य केंद्रों पर शिविरों का निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जानी।

प्लूमेरिया गार्डन एस्टेट में निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने आरडब्ल्यूए और एओए पदाधिकारियों से संवाद कर अधिक से अधिक पात्र लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर ममता चौधरी और बीएलओ सत्यपाल के कार्यों की विशेष सराहना की।

उन्होंने फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए एक परिवार-एक बूथ के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। नए मतदाता पंजीकरण, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता विवरण में संशोधन की प्रक्रिया समयबद्ध पूरी करने को कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपने और परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जांचने की अपील की। मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी ईसीआईनेट मोबाइल ऐप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters. eci.gov. inपर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 22, 28 और 29 नवंबर को भी विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन दिनों नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ सुबह 10 से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

तीनों तहसीलों में समाधान दिवस, 240 शिकायतें दर्ज; 15 का मौके पर निस्तारण

डीएम ने सदर तहसील में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

समाज जागरण/ संदीप गर्ग



गौतमबुद्धनगर। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 240 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से छह का मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। तहसील दादरी में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में 144 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सात का मौके पर निस्तारण हुआ। वहीं, तहसील जेवर में उपजिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से दो का निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्वगणना कार्य निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों से मशीनों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने जनसामान्य को ईवीएम और वीवीपैट के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

'आनंदमठ' महानाट्य के मंचन से गूंजा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

भारतेन्दु नाट्य अकादमी की प्रस्तुति में जीवंत हुई बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की कालजयी कृति, आधुनिक तकनीक और भव्य मंच सज्जा ने बांधा समां

समाज जागरण संवाददाता



ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार संख्या-1 में शनिवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ की ओर से भव्य महानाट्य ह्यआनंदमठह्ण का मंचन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के क्रम में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने शानदार अभिनय, संगीत और आधुनिक रंगमंचीय तकनीक के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक दिनेश खन्ना, परियोजना निदेशक नेहा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की कालजयी रचना 'आनंदमठ' त्याग, समर्पण, आत्मसम्मान, संगठन और मातृभूमि के प्रति निष्ठा का संदेश देती है। मंचन के दौरान भव्य दृश्य परिकल्पना, प्रभावशाली संवाद, वेशभूषा, प्रकाश और ध्वनि संयोजन ने ऐतिहासिक घटनाओं को सजीव कर दिया।

कलाकारों के सशक्त अभिनय और सामूहिक प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद दर्शकों को भारतीय साहित्य, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा। अतिथियों ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपरा से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रंगों से सजेगा बच्चों का भविष्य, 26 नवंबर को होगा नोएडा चित्रकला उत्सव

"इंद्रधनुष सीजन-5 में पांच हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद, 500 से अधिक प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान; पहली बार वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग श्रेणी"

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने और कला को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के उद्देश्य से नोएडा लोक मंच एवं नोएडा प्राधिकरण की ओर से 26 नवंबर को नोएडा चित्रकला उत्सव 'इंद्रधनुष सीजन-5' का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर-33 स्थित शिवालिक पार्क में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होने वाली इस अंतरविद्यालय प्रतियोगिता में करीब पांच हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

शनिवार को सेक्टर-15 स्थित नोएडा लोक मंच कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आयोजकों ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता को नौ समूहों में विभाजित किया गया है। इसमें सरकारी, बस्ती, पब्लिक, सेमी-पब्लिक, स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा। शिक्षकों के लिए अलग वर्ग बनाया गया है, जबकि पहली बार वरिष्ठ नागरिक भी अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

आयोजन की प्रमुख स्तंभ राजेश्वरी त्यागी राजन ने इंद्रधनुष की यात्रा और इसकी परिकल्पना की जानकारी दी। इंदिरा चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को कला के साझा मंच पर लाना है। नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना के अनुसार, आयोजन में 500 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

विजेता बच्चों की चयनित कलाकृतियों की विशेष कला दीर्घा भी तैयार की जाएगी। इच्छुक कला प्रेमी स्वैच्छिक अनुदान देकर इन कलाकृतियों को प्राप्त कर सकेंगे। इससे प्राप्त राशि का उपयोग जरूरतमंद लोगों की शिक्षा और चिकित्सा सहायता में किया जाएगा।

कॉलेज के सामने फायरिंग और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल व कार बरामद

नॉलेज पार्क पुलिस ने प्रशांत नागर को दबोचा, इटली निर्मित पिस्टल के साथ तीन कारतूस मिले

समाज जागरण/ संदीप गर्ग



ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने कॉलेज परिसर के सामने मारपीट और फायरिंग के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से इटली निर्मित एक अवैध पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और ब्रेजा कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कॉलेज परिसर के सामने एक युवक और उसके दोस्तों के साथ मारपीट की थी। इस दौरान जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर आरोपी मौके से फरार हो गया था। शनिवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर सफीपुर सर्विस रोड से लॉयड की ओर जाने वाले रास्ते पर दबिश देकर प्रशांत नागर निवासी अट्टा गुजरान, थाना दनकौर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नॉलेज पार्क थाने में बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

जनगणना ड्यूटी में लापरवाही पर होगी एफआईआर, 2436 गणनाकर्मी तैनात

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 330 पर्यवेक्षकों को भी सौंपी गई जिम्मेदारी, 30 नवंबर तक चलेगा स्वगणना अभियान

समाज जागरण संवाददाता



ग्रेटर नोएडा। जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ड्यूटी प्राप्त नहीं करने और आवंटित क्षेत्र में काम शुरू नहीं करने वाले गणनाकर्मियों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने की चेतावनी दी है।

प्राधिकरण के नगर जनगणना अधिकारी एवं एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए 2436 गणनाकर्मी और 330 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। संबंधित कर्मचारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निदेशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ जनगणना अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना अभियान चल रहा है। नागरिक जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपने और परिवार के सदस्यों का विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं। प्राधिकरण ने सेक्टरों और आवासीय सोसाइटियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। एसीईओ ने कहा कि जिन सेक्टरों और सोसाइटियों के शत-प्रतिशत निवासी स्वगणना पूरी करेंगे, वहां के आरडब्ल्यूए अथवा सेक्टर प्रतिनिधियों को प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

श्री कल्याण सुंदरम शिव मंदिर में धूमधाम से संपन्न हुआ तुलसी विवाह, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

वैदिक मंत्रोच्चार और मंगलगीतों के बीच माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का हुआ विवाह, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

समाज जागरण/ संदीप गर्ग



नोएडा। सेक्टर-105 स्थित श्री कल्याण सुंदरम शिव मंदिर में माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह उत्सव श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। मंगलगीतों, शंखनाद और तुलसी मैया तथा हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजन में सेक्टर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

तुलसी विवाह का आयोजन पंडित प्रदीप वत्स के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से संपन्न कराया गया। विवाह की विभिन्न रस्मों में महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। पूजा शर्मा, रानी गौतम, वीना शर्मा और रानी भदौरिया सहित सेक्टर की अनेक महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजकर समारोह मेड्डं शामिल हुईं। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगलगीत गाकर विवाह की रस्मों को उल्लासपूर्ण बनाया। कन्यादान सहित अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन भी श्रद्धा और भावनात्मक माहौल में किया गया।

आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और सामाजिक एकजुटता का सुंदर संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता तुलसी और भगवान शालिग्राम के विवाह में शामिल होकर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर आयोजन के संयोजक एवं सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने सभी श्रद्धालुओं, महिलाओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तुलसी विवाह जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ समाज के लोगों को आपसी प्रेम, विश्वास और अपनत्व के सूत्र में बांधते हैं। सच्ची भक्ति, सेवा और सामाजिक एकजुटता ही किसी समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि सेक्टर में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी रहे।

हजारों श्रद्धालुओं की पूरी हो रही मनोकामना

हर शुक्रवार चार नि:शुल्क बसों से खाटू श्याम और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करा रहे मुकेश शर्मा

समाज जागरण संवाददाता

"श्रद्धा के साथ सेवा का अनूठा संकल्प: बस यात्रा से लेकर नाश्ता और तीनों समय का भोजन तक पूरी तरह नि:शुल्क, बाबा के जन्मोत्सव पर चारों बसों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से मिले मुकेश शर्मा"

नोएडा। धार्मिक आस्था को जनसेवा से जोड़ते हुए समाजसेवी एवं शिक्षाविद् मुकेश शर्मा की ओर से संचालित नि:शुल्क धार्मिक यात्रा की पहल हजारों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का माध्यम बन रही है। नोएडा से प्रत्येक शुक्रवार श्री खाटू श्याम जी और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए चार नि:शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। इस सेवा की खास बात यह है कि श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था के साथ नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि का भोजन भी पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। अब तक हजारों श्रद्धालु इस सुविधा का लाभ उठाकर दोनों धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं।

इसी सेवा क्रम में शुक्रवार, 20 नवंबर को खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर चार बसों में श्रद्धालुओं को दर्शन यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस बार यात्रा को विशेष बनाने के लिए मुकेश शर्मा स्वयं चारों बसों में पहुंचे और श्रद्धालुओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के सदस्यों से बातचीत कर सभी को बाबा के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सभी श्रद्धालुओं की सुखद, मंगलमय और सफल यात्रा की कामना करते हुए उन्हें रवाना किया।

आर्थिक परेशानी अब दर्शन के रास्ते में नहीं बनेगी बाधा

मुकेश शर्मा की इस पहल का मुख्य उद्देश्य ऐसे श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक, पारिवारिक अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण चाहकर भी तीर्थयात्रा नहीं कर पाते। कई बार धार्मिक स्थलों तक पहुंचने का खर्च और यात्रा की व्यवस्थाएं लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए चार बसों के माध्यम से नियमित नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई है।

इस व्यवस्था के अंतर्गत श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ता। नोएडा से आने-जाने के लिए बसों की सुविधा के अलावा नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि का भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रकार पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं और भोजन की जिम्मेदारी आयोजक की ओर से उठाई जाती है। इस पहल से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और परिवारों को धार्मिक यात्रा का अवसर मिल रहा है।



श्रद्धालुओं की खुशी ही सबसे बड़ा संतोष : मुकेश शर्मा

इस अवसर पर मुकेश शर्मा ने कहा कि यह सब बाबा की कृपा और आशीर्वाद का परिणाम है कि उन्हें प्रत्येक शुक्रवार श्रद्धालुओं को खाटू श्याम जी और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कराने की सेवा का अवसर मिल रहा है। बहुत से लोग वर्षों से बाबा के दर्शन की इच्छा रखते हैं, लेकिन परिस्थितियों के कारण अपनी इच्छा पूरी नहीं कर पाते। ऐसे लोगों को दर्शन कराने का माध्यम बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के चेहरों पर दर्शन के लिए जाने की खुशी देखकर जो आत्मिक संतोष मिलता है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का आभार है कि उन्होंने उन्हें अपने भक्तों की सेवा करने का अवसर दिया है।

मुकेश शर्मा ने आगे कहा कि बाबा के जन्मोत्सव का अवसर उनके लिए विशेष रहा। उनकी इच्छा थी कि चारों बसों में जाकर प्रत्येक श्रद्धालु से व्यक्तिगत रूप से मिलें और उन्हें शुभकामनाएं देकर यात्रा के लिए रवाना करें। बच्चों का उत्साह, बुजुर्गों का स्नेह और परिवारों की खुशी देखकर मन भावुक हो गया। उन्होंने बाबा से सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा और प्रत्येक परिवार पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

नि:शुल्क दर्शन यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

श्री खाटू श्याम जी एवं मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक शुक्रवार नोएडा से संचालित होने वाली चारों नि:शुल्क बसों में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। इच्छुक श्रद्धालु अपनी सीट आरक्षित कराने के लिए मोबाइल नंबर 8130308679 पर कॉल अथवा व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

आयोजकों के अनुसार बस यात्रा, नाश्ता और दोपहर एवं रात्रि का भोजन पूरी तरह नि:शुल्क है। हालांकि, बसों में सीटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम पंजीकरण अनिवार्य है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि यात्रा पर जाने से पहले संपर्क कर अपनी सीट की पुष्टि अवश्य करा लें।

मुकेश शर्मा की यह साप्ताहिक पहल धार्मिक आस्था के साथ सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश दे रही है। जरूरतमंद और इच्छुक श्रद्धालुओं को बिना आर्थिक बोझ के धार्मिक स्थलों तक पहुंचाने का यह प्रयास अनेक परिवारों के लिए खुशी और संतोष का माध्यम बन रहा है।

छह किलो गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

दनकौर पुलिस ने खेरली नहर के रास्ते से पकड़ा, प्रत्येक आरोपी के पास से डेढ़ किलो गांजा बरामद

समाज जागरण संवाददाता



ग्रेटर नोएडा। दनकौर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल छह किलोग्राम गांजा बरामद किया है। प्रत्येक आरोपी के पास से डेढ़ किलोग्राम गांजा मिला।

पुलिस के अनुसार, शनिवार को स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर खेरली नहर से जमालपुर जाने वाले रास्ते पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान योगेश और दीपक कुमार निवासी अलीगढ़ तथा पवन और दिलीप निवासी आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने सुनीं महिलाओं की शिकायतें, नौ मामले पहुंचे आयोग के समक्ष

महिला जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और भरण-पोषण से जुड़े प्रकरण उठे, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

समाज जागरण संवाददाता



गौतमबुद्धनगर। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने सदर तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई की। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं ने अपनी शिकायतें और समस्याएं आयोग के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में पुलिस विभाग से संबंधित कुल नौ प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण और उत्पीड़न के मामले शामिल रहे।

डॉ. मीनाक्षी भराला ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर अनुश्रवण किया जाए और उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला फरियादियों की शिकायतों पर कार्रवाई करते समय संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। कई महिलाएं सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपनी समस्याएं खुलकर सामने नहीं रख पाती हैं। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं को विश्वास में लेकर उनकी बात सुनें और निष्पक्ष कार्रवाई करें।

महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। पुलिस, महिला कल्याण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्यालयों में आने वाली प्रत्येक महिला शिकायतकर्ता के साथ सम्मानजनक एवं सहयोगात्मक व्यवहार हो।

जनसुनवाई के दौरान डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, एडीसी जितेंद्र मौर्य, महिला थाना अध्यक्ष सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम और एसपी ने किया मासिक निरीक्षण

समाज जागरण

सम्भल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की साफ-



सफाई, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी एक्सपायरी डेट, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा लॉगबुक सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी ने गुन्नौर एवं बहजोई के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, प्राथमिक विद्यालय कैल में बच्चों से मिड-डे मील की गुणवत्ता एवं भोजन के संबंध में ली जानकारी

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई), 21 नवंबर 2026।भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत निर्धारित



विशेष अभियान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह ने प्राथमिक विद्यालय कैल, तहसील गुन्नौर तथा पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पाठकपुर, विकासखंड बहजोई स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय कैल में उन्होंने विद्यालय के बच्चों से वार्ता करते हुए पढाई, मिड-डे मील के अंतर्गत मिलने वाले भोजन एवं फल आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर टेप, चालकों को किया जागरूक

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

समाज जागरण

बहजोई। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस एवं परिवहन विभाग की ओर से चीनी मिल रजपुरा में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र



त्रिपाठी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह ने एआरटीओ सम्भल के साथ अभियान में भाग लिया।

अभियान के दौरान चीनी मिल परिसर में आने-जाने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। इससे रात के समय और कम दृश्यता की स्थिति में पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दूर से ही दिखाई दे सकेंगी और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी।

इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सड़क पर विशेष सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाने की आवश्यकता भी बताई गई।

अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सके।

नजीबाबाद में मैसर्स लकी एक्सक्लूसिव रेडीमेड शोरूम का शुभारंभ

हर्षित सर्राफ और राजकुमार तागरा ने फीता काटकर किया उद्घाटन, आधुनिक कपड़ों की मिलेगी आकर्षक वैरायटी

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

बिजनौर। नजीबाबाद में बस स्टैंड के निकट विशाल मेगा मार्ट के पास मैसर्स लकी एक्सक्लूसिव नाम से रेडीमेड कपड़ों के नए शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज के प्रबंधक हर्षित सर्राफ एवं वरिष्ठ व्यापारी राजकुमार तागरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



इस अवसर पर प्रतिष्ठान के स्वामी लक्की तागरा एवं सौरभ तागरा सहित परिवार के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि हर्षित सर्राफ ने कहा कि शोरूम में आधुनिक फैशन के अनुरूप रेडीमेड कपड़ों की विभिन्न आकर्षक वैरायटी उपलब्ध कराई गई है। खास बात यह है कि ग्राहकों को उचित कीमतों पर पसंदीदा कपड़े मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद में नए प्रतिष्ठानों के खुलने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इससे ग्राहकों को बेहतर विकल्प मिलेंगे और स्थानीय व्यापार का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के परिवार का लगातार विस्तार होना और क्षेत्र में नए प्रतिष्ठानों का खुलना प्रसन्नता का विषय है। इस अवसर पर जिला महासचिव रईस कुरैशी, अध्यक्ष मोनू टाटा, अध्यक्ष पंकज वर्मा, सरदार गिन्नी, नगर सचिव धीरज झा, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, हिमांशु तायल, अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अय्यूब सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता की पाठशाला का हुआ आयोजन

समाज जागरण

चंदौसी। नगर पालिका परिषद चंदौसी एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान के तृतीय दिवस पर शुक्रवार को गजराम जूनियर हाई स्कूल तथा वार्ड स्थित सार्वजनिक शौचालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन अधिशासी अधिकारी श्री सत्येंद्र प्रकाश जी के निदेर्शानुसार एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्रीमती प्रियंका सिंह जी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों, एसवीपीएस सदस्यों तथा वार्ड के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं एसवीपीएस सदस्यों को स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली और शौचालय का सही प्रयोग न करने से होने वाली बीमारियों से बचने हेतु शौचालय का सही प्रयोग अत्यंत आवश्यक है गंदे शौचालय के प्रयोग से छात्र-छात्राओं में होने वाली यूरिनल संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे कैसे बचा जाए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखा जाए जागरूक करते हुए विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्रों के विचारों को साझा किया गया सभी छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ग्रहण की गई कि वह आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करेंगें

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तीन विषयों पर विशेष जोर दिया गया। पहला विषय फोर बिन्स सिस्टम रहा, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को गीले, सूखे, घरेलू हानिकारक एवं सेनेटरी कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालने की विधि समझाई गई। बताया गया कि गीले कचरे में सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन एवं पत्ते आते हैं, सूखे कचरे में कागज, गत्ता, प्लास्टिक की बोतलें एवं धातु की वस्तुएं आती हैं, जबकि घरेलू हानिकारक कचरे में पुरानी दवाइयां, बैटरी, ट्यूबलाइट एवं कीटनाशक शामिल हैं। सेनेटरी कचरे को सुरक्षित तरीके से लपेटकर अलग से देने के लिए प्रेरित किया गया।

दूसरा विषय होम कंपोस्टिंग रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं को घर पर गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की सरल विधि सिखाई गई। बताया गया कि घर के गमले, क्यारी या एक छोटे से डिब्बे में भी कंपोस्ट तैयार किया जा सकता है। इससे न केवल कचरे की मात्रा कम होती है, बल्कि पौधों के लिए अच्छी खाद भी मिलती है और रासायनिक खाद पर निर्भरता घटती है।

तीसरा विषय सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान रहा। कार्यक्रम में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं से कपड़े के थैले, स्टील की बोतल, स्टील के टिफिन एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया गया। साथ ही बाजार जाते समय अपना थैला साथ ले जाने और प्लास्टिक की थैलियों को ना कहने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालयों के सही उपयोग, नियमित सफाई, हाथ धोने की आदत, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं खुले में शौच से मुक्ति के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि स्वच्छ शौचालय का उपयोग करना केवल सुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा विषय है। इस अवसर पर स्वच्छ सारथी क्लब के छात्र-छात्राओं एवं एसवीपीएस सदस्यों ने अपने विद्यालय, घर एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने, कचरे का सही पृथक्करण करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा स्वच्छता का संदेश परिवार एवं समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभी ने एक स्वर में स्वच्छ शौचालय, स्वस्थ समाज का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने, पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी करने तथा चंदौसी को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

द्वारिकेश मिल का गन्ना भुगतान जारी, साफ-सुथरा गन्ना देने की किसानों से अपील

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बहादरपुर इकाई ने पेराई सत्र 2026-27 में 10 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का 60 लाख 51 हजार 723 रुपये का भुगतान जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन ने भुगतान की धनराशि संबंधित गन्ना समितियों को भेज दी है। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने बताया कि बहादरपुर इकाई की ओर से पेराई सत्र 2026-27 में एसपी की दर से नौ नवंबर से 10 नवंबर 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 60 लाख 51 हजार 723 रुपये का भुगतान संबंधित गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त कर लें। साथ ही चीनी मिल को साफ-सुथरा, अगोला, पत्ती और मिट्टी रहित गन्ना आपूर्ति करें, जिससे चीनी मिल संचालन में सुविधा बनी रहे और गन्ने की गुणवत्ता भी बेहतर रहे।

चुप्पी तोड़ें, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

सराफा बाजार में महिला सुरक्षा, सम्मान और साइबर अपराधों से बचाव के बताए तरीके।

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना अफजलगढ़ पुलिस की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने कस्बे के सराफा बाजार में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। वही कोतवाल किशन अवतार सिंह के नेतृत्व में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, मारपीट और उत्पीड़न जैसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं बालिकाओं को छेड़छाड़, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करने तथा अश्लील संदेश भेजने जैसी घटनाओं की शिकायत पुलिस से



करने के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर ठगी होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से अपनी समस्याओं को लेकर निडर होकर पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, महिला कांस्टेबल शिवानी, महिला कांस्टेबल हिमांशी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

सीडीओ ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के पम्पलेट का किया विमोचन

समाज जागरण

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक अंशुल खंडेलवाल के संयोजन में दिनाँक 23 नवम्बर 2026 को प्रातः 9:30 बजे से अमेजिंग वर्ल्ड, इटावा रोड सिरसागंज में किया जा रहा है।

विकास भवन में नवागत मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं अंशुल खंडेलवाल ने किया। शैलेन्द्र कुमार सिंह सीडीओ फिरोजाबाद ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी



के पम्पलेट का विमोचन करते हुए जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपने - अपने विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि हेतु अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में ससमय प्रतिभाग करने के लिए कहा। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अंशुल खंडेलवाल ने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर दिनाँक 22 नवंबर 2026 को सांय 5 बजे तक उपलब्ध करा दीजिये।

सम्भल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं

44 शिकायतों में से 3 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण

सम्भल 21 नवंबर 2026। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से आज तहसील सभागार सम्भल में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी एवं विद्युत सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 44 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का नियमानुसार समयबद्ध



एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकताओं को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर प्रकरणों की जांच करते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फसल उजाड़ रहे हाथी, रातों की नींद गंवा रहे किसान; वन विभाग मौन

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। क्षेत्र के गांव मुरलीवाला में हाथियों का झुंड किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। हाथी लगातार खेतों में पहुंचकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल बर्बाद होने के डर से किसान रातभर खेतों में पहरा देने को मजबूर हैं। किसानों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की खेतों में आवाजाही और फसलों को नुकसान पहुंचाने की सूचना कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद हाथियों को रोकने के लिए कोई प्रभावी इंतजाम नहीं किए गए हैं। किसानों का आरोप है कि एक तरफ हाथी उनकी मेहनत की फसल उजाड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग समस्या के समाधान



को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। वन विभाग के दरोगा सत्यवीर सिंह का कहना है कि विभाग में कर्मचारियों की कमी होने के कारण व्यवस्था बनाने में परेशानी हो रही है। किसान अतर सिंह, गोविंद सिंह, तेजपाल सिंह, सिकंदर सिंह, हेमंत डागर, जगदीप सिंह, आर्यन डागर और गुरमुख सिंह आदि ने बताया कि हाथियों के लगातार खेतों में पहुंचने से फसलों को नुकसान हो रहा है। किसान रातभर जागकर फसल की रखवाली कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह फसलों को नुकसान होता रहा तो वे अपनी खड़ी फसल को आग लगाने तक के लिए मजबूर हो जाएंगे। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। किसानों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से गांव में तत्काल प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था कराने, हाथियों की आवाजाही पर निगरानी रखने और फसलों को नुकसान से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

मुकदमा वापसी का दबाव, 10 लाख की मांग और जान से मारने की धमकी, दस पर केस

पुरानी मुकदमेबाजी को लेकर ब्लैकमेलिंग का आरोप, पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई।

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला किला निवासी निर्मल सिंह चिलवाल ने पुराने मुकदमों को वापस लेने के नाम पर ब्लैकमेल करने, 10 लाख रुपये मांगने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए दस लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला किला निवासी निर्मल सिंह चिलवाल पुत्र चंदन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2022 में उनके साथ धोखाधड़ी हुई थी, जिसके संबंध में थाना आईटीआई काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर में मुकदमा संख्या 348/22 दर्ज कराया गया था। आरोप है कि इसी मामले से जुड़े विवाद में करन कश्यप ने कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर वाला शपथपत्र हाईकोर्ट में दाखिल किया था। इसके विरोध में पीड़ित ने हाईकोर्ट में 340 सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़ित का आरोप है कि इससे नाराज होकर उनके और उनके पुत्र के खिलाफ थाना ठाकुरद्वारा में एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 280/23 दर्ज कराया गया था। पीड़ित के मुताबिक जांच में मुकदमा झूठा पाए जाने पर 15 अगस्त 2023 को अंतिम आख्या न्यायालय में जमा की गई थी। आरोप है कि उक्त मुकदमे के बाद करन कश्यप, विमल, आशीष, रविंद्र, देवेंद्र कश्यप और सौरभ उर्फ गब्बर सहित अन्य लोग कई बार उनसे मिलने पहुंचे और पुराने मुकदमे वापस लेने तथा दो लाख रुपये देने की शर्त रखी। पीड़ित का आरोप है कि शर्तें नहीं मानने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में मुकदमा खत्म कराने के नाम पर 10 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। निर्मल सिंह ने आरोप लगाया कि कई बार फोन पर रुपये मांगने और मिलने के लिए दबाव बनाया गया। उन्होंने कुछ बातचीत की रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर को सौरभ उर्फ गब्बर और देवेंद्र कश्यप अफजलगढ़ में उनसे मिलने आए थे, लेकिन वह सुनसान जगह पर मिलने के दबाव के चलते उनसे नहीं मिले। पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। उधर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अक्षय कश्यप, करन कश्यप, रविंद्र, देवेंद्र, पूजा जोशी, कासम हुसैन, आशीष चौहान सहित दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नवजात की देखभाल और खतरे के लक्षणों के प्रति किया जागरूक।

मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु सप्ताह पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया सुरक्षित देखभाल का संदेश

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के 100 शैय्या अस्पताल में शनिवार को नवजात शिशु सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल रोग विभाग और कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और बेहतर देखभाल के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।



प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एलके गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 15 से 21 नवंबर तक नवजात शिशु सप्ताह मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जन्म से 28 दिन तक के बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित करना और नवजात मृत्यु दर में कमी लाना है: कार्यक्रम में बताया गया कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान शुरू कराना चाहिए। छह माह तक केवल मां का दूध देना चाहिए। कम वजन और समय से पहले जन्मे बच्चों को कंगारू मदर केयर के जरिए त्वचा से त्वचा का संपर्क देकर गर्म रखना जरूरी है। जन्म के समय बीसीजी, ओपीवी-0 और हेपेटाइटिस-बी के टीके भी लगवाने चाहिए। चिकित्सकों ने बताया कि नवजात के दूध न पीने, सांस लेने में परेशानी, शरीर का तापमान असामान्य होने, अत्यधिक सुस्ती, दौरे पड़ने या हथेलियों और तलवों में पीलापन दिखाई देने पर तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए।

इस दौरान कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नवजात की देखभाल और संक्रमण से बचाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. आयुषी गुप्ता, डॉ. प्रेरणा जैन, डॉ. राहुल पैंगोरिया, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. शिप्रा गुप्ता, डॉ. सुमेधा गौतम, डॉ. रिजुल अग्रवाल, डॉ. विराट तिवारी, डॉ. गौरव शर्मा और पूरणमल कुलदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

निर्मल फाउंडेशन द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान एवं शैक्षिक सामग्री वितरण समारोह आयोजित

समाज जागरण

बागपत। विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से निर्मल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. निर्मल द्वारा प्राथमिक विद्यालय बाघू, जनपद बागपत में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह एवं शैक्षिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद बच्चों को



अध्ययन के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार का निर्मल फाउंडेशन की ओर से फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से गांव में शिक्षा व सामाजिक कार्यों को नई दिशा मिल रही है। डॉ. भरत झा और संगीता देवी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल, स्वेटर एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे अपने अध्ययन कार्य को बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्रम में निर्मल फाउंडेशन के संरक्षक और दिल्ली स्थित ओके मॉडल स्कूल मोहन गार्डन उत्तम नगर के प्रबंधक डॉ. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने से अन्य बच्चों को भी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का मजबूत आधार है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार और भाजपा ओबीसी मोर्चा जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष शेर सिंह प्रधान ने निर्मल फाउंडेशन संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण शकुंतला देवी, वर्षा, गरिमा, अमित कुमार, सीमा देवी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के संदेश के साथ हुआ।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुआ 21 यूनिट रक्त संग्रहित

समाज जागरण



बागपत। अग्रवाल महासंघ बड़ौत एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बागपत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाराजा अग्रसेन भवन कोताना रोड बड़ौत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संदीप गर्ग (टीटू प्रधान) लुहारी वाले ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल बड़ौत के जिलाध्यक्ष अरुण तोमर (बॉबी) तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यापार मंडल बड़ौत के नगर अध्यक्ष मुदित जैन उपस्थित रहे। अग्रवाल महासंघ के अध्यक्ष संजय गोयल, महामंत्री डॉ आकाश बंसल एवं कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत के उपसभापति हंसराज गुप्ता ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का महान कार्य है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक अमित गोयल एवं सह-संयोजक सागर जिंदल ने शिविर के आयोजन में सहयोग किया। आयोजकों ने सभी 21 रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

इसरार को जिला सचिव मनोनीत किया गया

समाज जागरण

बागपत। आजाद अधिकार सेना की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने



पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के उपरांत इसरार को पार्टी में प्रभावी नियमों तथा अधिनियमों के अधीन अगले आदेशों तक जिला सचिव, बागपत मनोनीत किया है।उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इसरार पूरी निष्ठा, लगन एवं परिश्रम के साथ पार्टी के मूल उद्देश्यों अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध में आम नागरिक के अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए कार्य करेंगे।

नितिन चौहान को सौंपी जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

समाज जागरण

बागपत। आजाद अधिकार सेना की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने



पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के उपरांत नितिन चौहान को पार्टी में प्रभावी नियमों तथा अधिनियमों के अधीन अगले आदेशों तक जिला मीडिया प्रभारी, बागपत मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि नितिन चौहान पूरी निष्ठा, लगन एवं परिश्रम के साथ पार्टी के मूल उद्देश्यों अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध में आम नागरिक के अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए कार्य करेंगे।

निस्वार्थ सेवा के लिए डॉक्टर सुभाष त्यागी का हुआ सम्मान

समाज जागरण

बागपत। निस्वार्थ सेवा और मानवता के प्रति समर्पण के लिए सुप्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सुभाष त्यागी को सम्मानित किया गया। शनिवार को दृष्टिदूत एमजेएफ लायन अभिमन्यु



गुप्ता ने उनके आवास पर पहुंचकर पटका पहनाकर एवं उपहार प्रदान कर उनका सम्मान किया। बता दें कि डॉक्टर सुभाष त्यागी लंबे समय से असमर्थ एवं गरीब रोगियों की निःशुल्क व निस्वार्थ भाव से सेवा करते आ रहे हैं। उनकी इसी सेवा भावना को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन डॉक्टर मयंक गोयल, लायन मनोज मित्तल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता दरबार में सुनी गई जनता की समस्याएं, 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण

बड़ौत। बड़ौत तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता दरबार में जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने



सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया।तहसील दिवस में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को जांच के लिए भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बाकी शिकायतों का निस्तारण जांच के बाद समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस में नगर पालिका परिषद के ईओ मनोज कुमार रस्तोगी, आपूर्ति अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनता को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका, जिला उपाध्यक्ष रूबी कश्यप ने दिया इस्तीफा

समाज जागरण

बागपत। कांग्रेस पार्टी को जनपद बागपत में तगड़ा झटका लगा है। जिला उपाध्यक्ष रूबी कश्यप ने जिला उपाध्यक्ष पद सहित अन्य सभी कांग्रेस पार्टी



की जिम्मेदारियों से त्यागपत्र दे दिया है। रूबी कश्यप ने त्यागपत्र में पारिवारिक व्यवस्थाओं व कार्यों का हवाला देते हुए जिला उपाध्यक्ष सहित सभी कांग्रेस पदों से इस्तीफा दिया है। रूबी कश्यप ने बागपत जनपद कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप से निवेदन किया कि भविष्य में अनुशासित और कांग्रेस पार्टी को समर्पित नए लोगों की कार्यकारिणी बनाई जाए। बता दें कि रूबी कश्यप बागपत लोकसभा से 2019 और 2024 में चुनाव भी लड़ चुकी हैं और सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

पीएनबी धोखाधड़ी मामले में अंकुर सैनी की दूसरी जमानत अर्जी खारिज

-तीन बैंक खातों में 85 करोड़ से अधिक का लेनदेन मिलने का उल्लेख, गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए अदालत ने नहीं दी राहत

समाज जागरण

कैराना। जलालाबाद स्थित पंजाब नेशनल बैंक के खाताधारकों से धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अंकुर सैनी को अदालत से राहत नहीं मिली है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार राय ने गंभीर आर्थिक अपराध और विवेचना प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर आरोपी की दूसरी जमानत अर्जी खारिज कर दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सतेंद्र धीरयान ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना थानाभवन में दर्ज मुकदमे में आरोपी अंकुर सैनी की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन के अनुसार, आरोपी बैंक में जनरेटर संचालन का कार्य करता था। आरोप है कि उसने खाताधारकों से रकम लेकर बैंक में जमा नहीं की, बल्कि उनकी पासबुक में फर्जी एंट्री करके नकली जमा पर्चियां दे दीं। मामले में कई खाताधारकों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं। न्यायालय के आदेश के अनुसार, विवेचना में आरोपी के तीन बैंक खातों में कुल 85 करोड़ 71 हजार 274 रुपये का लेनदेन सामने आया। इस संबंध में आयकर विभाग को भी रिपोर्ट भेजी गई है। हालांकि, यह कुल बैंक लेनदेन है, प्रमाणित धोखाधड़ी की रकम नहीं। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए झूठा फंसाने का तर्क दिया।

वहीं, अभियोजन ने जमानत का विरोध किया। अदालत ने प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्यों और मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 नवंबर को जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जयमाला के बाद कमरे में आधे घंटे का फोटो सेशन, दुल्हन ने सात फेरों से किया इनकार

दूल्हे पर दूसरी युवती को कमरे में बुलाकर फोटो खिंचवाने का आरोप, देवोत्थान एकादशी पर शादी से पहले बिगड़ा माहौल, दोनों पक्ष पहुंचे थाना उत्तर

समाज जागरण

फिरोजाबाद। जयमाला हो चुकी थी, सात फेरों की तैयारी चल रही थी और शादी की खुशियों के बीच अचानक ऐसा विवाद हुआ कि बारात मंडप से थाने पहुंच गई। दूल्हे पर दूसरी युवती के साथ कमरे में करीब आधे घंटे तक फोटो खिंचवाने का आरोप लगाते हुए एटा से आई दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। देर रात तक मैरिज होम में हंगामा चलता रहा। बाद में दोनों पक्ष थाना उत्तर पहुंचे, जहां पुलिस समझौते के प्रयास में जुटी रही। देवोत्थान एकादशी पर शुक्रवार रात थाना उत्तर क्षेत्र के बोद्याश्रम रोड स्थित गोपाल मैरिज होम में द्वारकापुरी निवासी आकाश की शादी एटा निवासी युवती के साथ हो रही थी। जयमाला की रस्म पूरी होने के बाद दूल्हा-दुल्हन फोटो सेशन के लिए कमरे में पहुंचे। दुल्हन का आरोप है कि दूल्हे ने दोनों कैमरामैन को कमरे से बाहर भेज दिया और दूसरी युवती को अंदर बुला लिया। इसके बाद करीब आधे घंटे तक उसके साथ फोटो खिंचवाए। दूल्हे की इस हरकत की जानकारी होने पर दुल्हन भड़क गई। उसने इसे अपने सम्मान और भरोसे से जुड़ा मामला बताते हुए शादी की बाकी रस्में निभाने से इनकार कर दिया। परिजनों ने काफी देर तक समझाने और मनाने का प्रयास किया, लेकिन दुल्हन अपने फैसले पर अड़ी रही।

मैरिज होम से थाने पहुंचा विवाद

दुल्हन के शादी से इनकार करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। मैरिज होम में देर रात तक हंगामा चलता रहा। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष थाना उत्तर पहुंच गए। सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को बैठाकर काउंसलिंग की जा रही है। आपसी बातचीत के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बाणसागर परियोजना और प्राथमिक विद्यालय चांदलेवा का किया निरीक्षण

समाज जागरण

मीरजापुर /अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार, अधिशासी अभियंता बाढ़ सागर, उप कृषि निदेशक के साथ मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह द्वारा बाढ़ सागर परियोजना का निरीक्षण किया गया। विकासखंड पहाड़ी के क्षेत्रीय किसानों द्वारा बताया गया कि इस नहर में पानी बर्तमान में ढेकवा डैम से आता है जल जीवन मिशन परियोजना के कारण इस नहर में पानी कम आता है। साथ ही मांग किया गया कि ढेकवा दायी नहर एवं ढेकवा बाई नहर में बाणसागर नहर से पानी उपलब्ध कराया जाए जिससे रवी सीजन में सिचाई हेतु पानी प्राप्त हो सके । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि



अधिशासी अभियंता बाणसागर तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार मिलकर इसकी परियोजना तैयार करें एवं शासन को उपलब्ध कराये, जिससे कि यहां के छेत्रीय किसानों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय चांदलेवा, विकासखंड पहाड़ी का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय मौके पर सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए परंतु बच्चों की संख्या कम पाई गई जिस पर निर्देशित किया गया

कि बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराया जाए साथ ही निर्देशित किया गया कि जनगणना के कार्य को समय से पूर्ण कराया जाए।

बेमौसम बारिश ने अन्नदाता की उम्मीदों पर फेरा पानी, खेतों में भीग रही धान की फसल; लागत डूबने और मुनाफा छिनने का डर

कटाई-मिंजाई के ऐन वक्त पर बदला मौसम, खुले आसमान के नीचे रखी उपज पर संकट; कर्ज, लागत और मेहनत के बीच किसानों की बढ़ी चिंता

समाज जागरण विजय तिवारी

* चंदिया। खेतों में लहलहाती धान की फसल देखकर जिस अन्नदाता के चेहरे पर सालभर की मेहनत का सुकून नजर आ रहा था, अब उसी के माथे पर चिंता की लकीरें गहराने लगी हैं। महीनों की मेहनत, महंगे खाद-बीज, दवाइयों, डीजल और मजदूरी पर खर्च की गई पूंजी के बाद जब फसल घर लाने का वक्त आया, तो मौसम ने करवट बदल ली। शनिवार को जिले में ठंडी हवाओं के साथ हुई रुक-रुककर बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरने का खतरा पैदा कर दिया है।इस समय जिले के खेतों में धान की फसल पककर तैयार है। कहीं कटाई के बाद फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है, कहीं मिंजाई नहीं हो सकी है तो कई खेतों में धान की



फसल अभी खड़ी हुई है। ऐसे में बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में कटी पड़ी धान के भीगने से दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने, रंग बदलने और उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने की आशंका है। वहीं खड़ी फसल के लिए भी मौसम की बेरुखी नुकसानदेह साबित हो सकती है।किसानों की परेशानी सिर्फ फसल भीगने तक सीमित नहीं है। खेती के लिए लिया गया कर्ज, खाद-बीज और मजदूरी में लगाई गई पूंजी तथा परिवार की सालभर की जरूरतें इसी फसल पर निर्भर हैं। यदि उपज खराब हुई तो किसान को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है। एक तरफ उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होने का डर, दूसरी तरफ मंडी में उचित दाम नहीं मिलने की आशंका।अब किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं।

सवाल यह है कि अन्नदाता की महीनों की मेहनत को मौसम की मार से बचाने के लिए जिम्मेदार विभाग कितने तत्पर हैं? प्रशासन और कृषि विभाग को चाहिए कि प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखें, किसानों को फसल सुरक्षित रखने के लिए तत्काल मार्गदर्शन दें और नुकसान की स्थिति में निष्पक्ष सर्वे कराकर राहत की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्योंकि किसान के लिए यह महज धान की फसल नहीं, बल्कि पूरे साल की मेहनत, परिवार की आजीविका और अगली फसल की उम्मीद है।

संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 27 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण वाजिद अली

कैराना तहसील में एडीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ आयोजन, फरियादियों की समस्याएं सुनकर समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई कैराना। आमजन की सम स्याओं के समाधान के लिए शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिला धिकारी (एडीएम) सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 27 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 22 शिकायतों का निस्तारण होना बाकी है। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने अपनी सम स्याओं से संबंधित शिकायती पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। इस दौरान प्राप्त 27 शिकायतों में से पांच का मौके पर निस्तारण होने से संबंधित फरियादियों को राहत



मिली।

22 शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया बाकी

संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शेष 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इन प्रकरणों में आगे की कार्रवाई की जानी है। संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखने तथा उनके समाधान की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर एसडीएम शिवाजी यादव, तहसीलदार अमन कुमार, नायब तहसीलदार आकाश चौधरी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कैराना में रविवार को पांच घंटे गुल रहेगी बिजली , पुराने जर्जर तार बदले जाएंगे

-देवी मंदिर बिजलीघर से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की आपूर्ति रहेगी बाधित, सुबह 11 से शाम चार बजे तक चलेगा मरम्मत कार्य

समाज जागरण

कैराना। नगर में रविवार को पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग की ओर से देवी मंदिर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी 33 केवी और 11 केवी लाइनों के पुराने एवं जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते उपकेंद्र से संबंधित सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना जारी करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी तृतीय कैराना अमित गुप्ता की ओर से जारी सूचना के अनुसार, रविवार 22 नवंबर को बिजनेस प्लान के अंतर्गत देवी मंदिर बिजली घर की 33 केवी एवं 11 केवी विद्युत लाइनों के पुराने और जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बिजली घर से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों को बंद रखा जाएगा। इससे संबंधित क्षेत्रों में करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

बिजली कटौती से पहले निपटा लें जरूरी कार्य

विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के चलते उपभोक्ताओं को घरेलू एवं व्यावसायिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में उपभोक्ता पानी की टंकियां भरने, मोबाइल एवं इन्वर्टर चार्ज करने समेत बिजली से जुड़े अन्य जरूरी कार्य समय से पूरे कर सकते हैं। अवर अभियंता अजय कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि पुराने जर्जर तारों को बदलने के कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति बंद रखना आवश्यक है। विभाग की ओर से निर्धारित समय सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक आपूर्ति बाधित रहने की सूचना दी गई है।

लापरवाह पदाधिकारियों की हो सकती है छुट्टी, नए और सक्रिय कार्यकताओं को मिलेगा मौका; अमरकंटक विकास प्राधिकरण में नियुक्तियों के भी आसार

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

शहडोल। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने संगठनात्मक ढांचे को अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाने की तैयारी में है। इसका असर जल्द ही शहडोल जिले में भी देखने को मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार, जिला संगठन की कार्यप्रणाली और पदाधिकारियों की सक्रियता को लेकर प्रदेश नेतृत्व तक शिकायतें पहुंची हैं। ऐसे में जिला संगठन में ऊपर से नीचे तक फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने भोपाल में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिला कोर कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा। नई व्यवस्था में चुनाव हारे प्रत्याशियों, पूर्व विधायकों और विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला संयोजकों को कमेटी से बाहर रखने की तैयारी है, जबकि जिला महामंत्रियों को अधिक जिम्मेदारी मिल सकती है।

बैठकों का बदलेगा क्रम, दिसंबर में सेवा दूत अभियान

अब संगठनात्मक मासिक बैठकों की शुरूआत प्रदेश स्तर से होगी। इसके बाद जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक बैठकें होंगी। वहीं, 1 से 25 दिसंबर तक सेवा दूत अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्रों में रहकर संगठन की गति विधियों और कार्यकताओं की सक्रियता का आकलन करेंगे।

जिला प्रभारियों को भी पुराने कार्यकताओं से संवाद और क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। शहडोल में रिक्त संगठनात्मक पदों पर जल्द नियुक्तियां होने की संभावना है। इसके अलावा अमरकंटक विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भी शीघ्र होने के आसार हैं।

वैभव बने राष्ट्रीय मंत्री

समाज जागरण

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय मंत्री पद पर वैभव पवार का मनोनयन किया गया है। वैभव पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रह चुके हैं।

उनकी सक्रियता एवं संगठनात्मक क्षमता देखते हुए



राष्ट्रीय जिम्मेदारी सोप गई है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

पुलिसकर्मियों को सिखाए स्व-गणना के गुर, जनगणना अभियान में भागीदारी का आह्वान

पुलिस लाइन में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, अधिकारियों और कर्मचारियों की मौके पर ही कराई गई स्व-गणना

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस एवं वर्दीधारी बलों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही मौके पर ही उनकी स्व-गणना की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई।

कार्यक्रम में जनगणना अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को बताया कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आंकड़े भविष्य



की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों ने डिजिटल माध्यम से स्व-गणना करने की प्रक्रिया के साथ पारंपरिक गणना व्यवस्था की भी जानकारी दी।

इस पहल का उद्देश्य पुलिस एवं अन्य वर्दीधारी बलों के अधिकारियों और जवानों को जनगणना अभियान से सीधे जोड़ना तथा स्व-गणना के माध्यम से उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों से स्वयं जनगणना प्रक्रिया में शामिल होने के साथ आमजन को भी जागरूक करने और अभियान की सफलता में सहयोग देने की अपील की।

कार्यक्रम में जनगणना प्रभारी अश्वनी कुमार, जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी मृगेन्द्र सिंह, सह-प्रभारी अभिषेक पांडेय, जिला जनगणना सहायक कपिल यदुवंशी, तकनीकी सहायक अंकुर सक्सेना एवं ऋषभ कुमार उपस्थित रहे। पुलिस विभाग की ओर से प्रतिसार निरीक्षक, उपनिरीक्षक राकेश कुमार बघेल, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की।

डीएम और एसएसपी ने महावन में परखी मतदाता पुनरीक्षण अभियान की हकीकत

युवाओं और महिलाओं के पंजीकरण पर जोर, रविवार को सभी बूथों पर फिर लगेंगे विशेष शिविर

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। मतदाता सूची को समावेशी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने महावन क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज और उच्च प्राथमिक विद्यालय, महावन में बने शिविरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम जोड़ने, संशोधन और नाम विलोपन के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।



युवाओं और महिलाओं के पंजीकरण पर जोर

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और आगामी अर्हता तिथि के अनुसार पात्र होने वाले नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने पात्र महिलाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। बीएलओ को लोगों को आवेदन प्रक्रिया समझाने और प्रपत्र भरने में सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की सुविधा

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ ही नाम, पता और अन्य विवरणों में सुधार किया जाएगा। निर्धारित नियमों के अनुसार अपात्र और मृत मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

शिविरों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा विवरणों में संशोधन या मतदाता पहचान पत्र के प्रतिस्थापन के लिए फॉर्म-8 भरवाए गए। बीएलओ ने आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी।

22 नवंबर को भी लगेंगे विशेष शिविर

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि 22 नवंबर 2026, रविवार को भी सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ की उपस्थिति में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर फॉर्म-6 भरें। वहीं, नाम-पते में संशोधन अथवा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए संबंधित प्रपत्र जमा कराएं।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महावन प्राजक्ता त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सियासत नहीं, सनातन का प्रचारक हूं : धीरेंद्र शास्त्री

वृंदावन में आलोचकों पर साधा निशाना, बोले—ट्रोल करने वालों की सद्बुद्धि के लिए बांके बिहारी से लगाएंगे अर्जी

प्रवीण मिश्रा समाज जागरण

वृंदावन। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को वृंदावन पहुंचे। एक निजी समारोह में शामिल होने आए शास्त्री ने सोशल मीडिया पर हो रही आलोचनाओं का जवाब दिया। साथ ही वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में किसी राजनीतिक दल के पक्ष में प्रचार करने की अटकलों को भी खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और हिंदुत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

आलोचकों को दी खुली चुनौती

सोशल मीडिया पर हो रहे विरोध को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने आलोचकों



पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विरोध और बयानबाजी का दौर पुराना हो चुका है। आलोचना करने वालों को धरातल पर उतरकर श्री बांके बिहारी और मथुरा के गौरव के लिए आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की कृष्ण भक्ति केवल दिखावे तक सीमित रही, जो अब दिखाई नहीं देती।

शास्त्री ने कहा कि वह बांके बिहारी जी के चरणों में अर्जी लगाएंगे कि इंटरनेट पर उन्हें ट्रोल करने वालों को सद्बुद्धि मिले। वे दिखावे से बाहर निकलकर वास्तविक रूप से सनातन और हिंदू हित में काम करें।

राजनीति से कोई सरोकार नहीं

वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि वह साधु हैं और राजनीति से उनका कोई वास्ता नहीं है। उनका प्रचार किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि बजरंगबली, सनातन संस्कृति और हिंदुत्व की विचारधारा के लिए है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के लोग सभी राजनीतिक दलों में हैं। इसलिए उनका उद्देश्य दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर हिंदू तक सनातन का संदेश पहुंचाना है।

ब्रजवास करने की जताई इच्छा

वृंदावन से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वह सदैव बांके बिहारी के हैं और उनकी कृपा का गुणगान करते हैं। उन्होंने भविष्य में ब्रज में निवास करने की इच्छा भी जताई। साथ ही हिंदू समाज से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि हिंदुओं को न बंटने देंगे और न मिटने देंगे। हिंदू एकता का उनका संकल्प लगातार जारी रहेगा।

गौरतलब है कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री समाजसेवी मानसिंह के 99वें जन्मदिवस और जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होने वृंदावन पहुंचे थे। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप को लेकर पूर्व में की गई टिप्पणी के बाद वृंदावन में उनकी यह पहली यात्रा बताई जा रही है।

आयुष चिकित्सालयों और क्लीनिकों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य

50 शैय्या से कम क्षमता वाले संस्थानों को भी कराना होगा पंजीकरण और नवीनीकरण, डीएम ने दिए निर्देश

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। जनपद में आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित सभी चिकित्सालयों और नैदानिक स्थापनाओं (क्लीनिकों) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं नवीनीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) अधिनियम, 2010 के तहत लागू इस व्यवस्था के अनुसार जनपद के सभी संबंधित आयुष संस्थानों को विभागीय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अपना पंजीकरण अथवा नवीनीकरण कराना होगा।

छोटे संस्थानों को भी कराना होगा पंजीकरण

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 50 शैय्या से कम क्षमता वाले चिकित्सालयों और क्लीनिकों के संचालकों को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी छोटा या बड़ा आयुष संस्थान पंजीकरण अथवा नवीनीकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

सहायता के लिए कार्यालय से करें संपर्क

ऑनलाइन आवेदन, तकनीकी जानकारी और प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संस्थानों के संचालक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण और नवीनीकरण कराने की अपील की है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा की नई राष्ट्रीय टीम घोषित, उत्तर प्रदेश के सात नेताओं को मिली जिम्मेदारी

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर जारी हुई सूची, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी मोर्चा की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य की ओर से 21 नवंबर 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नई टीम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर की गई ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सूची में उत्तर प्रदेश को विशेष स्थान दिया गया है। प्रदेश के सात नेताओं को संगठन में अलग-अलग महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने की जानकारी दी गई है।

दिल्ली में आयोजित 'पूर्वांचल कर्मयोगी शिखर सम्मान' समारोह में राजन सिंह सूर्यवंशी सम्मानित

भारतीय अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिला सम्मान, 31 विभूतियों को भी किया गया सम्मानित

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय अपना समाज पार्टी एवं पूर्वांचल भागीदारी संकल्प मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजधानी दिल्ली में ह्यपूर्वांचल कर्मयोगी शिखर सम्मान समारोहह्न आयोजित किया गया। समारोह में भारतीय अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजन सिंह सूर्यवंशी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 31 विभूतियों को भी सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन सिंह सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, राष्ट्रीय पूर्वांचल एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुनाथ उपाध्याय, भारतीय अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुग्रीव मौर्य तथा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता डॉ. राजेश श्रीवास्तव



मौजूद रहे। समारोह का आयोजन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम बहाल चौधरी ने किया।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर संघर्ष का दावा

अपने संबोधन में राजन सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि सम्मान समारोह केवल सम्मान देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित लोगों के संघर्ष एवं योगदान को पहचान देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपना समाज पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान कल्याण, सामाजिक समानता और जनहित के मुद्दों को लेकर काम कर रही है।

उन्होंने मिशन-2027 के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा जनजागरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की राजनीति जाति-धर्म के विभाजन के बजाय गरीबों, शोषितों और वंचितों सहित सभी वर्गों को समान अधिकार एवं सम्मान दिलाने पर केंद्रित है।

31 विभूतियों को मिला सम्मान

समारोह में अमर सिंह, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, अजय बंसल, डॉ. विजय पुजारी, सपना खोडियार, पूनम सिंह, सुग्रीव मौर्य, दुर्गा प्रसाद दुबे, राजन सिंह श्रीनेत, भारत सिंह, संजय पांडेय, रघुनाथ उपाध्याय, ज्ञान तिवारी, चरणजीत सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, निगम पांडेय और राहुल सिंह सहित 31 लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार रखे और आयोजन की सराहना करते हुए लोगों से पार्टी से जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह ने किया। अंत में आयोजक राम बहाल चौधरी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, सम्मानित कर्मयोगियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मथुरा में युवाओं को संबोधित करेंगे राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह

28 नवंबर को जीएलए विश्वविद्यालय में होगा डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान, 'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका' पर रखेंगे विचार

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह 28 नवंबर को मथुरा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जीएलए विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान में युवाओं को संबोधित करेंगे। व्याख्यान का विषय ह्यविकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिकाह्न रखा गया है।

जीएलए विश्वविद्यालय और जन सांस्कृतिक मंच, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हरिवंश नारायण सिंह मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत में भारत सरकार के सूचना आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी मुख्य अतिथि का स्वागत करेंगे और उनका परिचय प्रस्तुत करेंगे इस अवसर पर आईआईएमएल दिल्ली के महानिदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी दिवंगत शिक्षाविद् एवं के.आर. महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे।

जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनूप गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान का समापन जन सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजकिशोर अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ होगा। कार्यक्रम की जानकारी मंच के सचिव रवि प्रकाश भारद्वाज ने दी।

टीएमयू में एमबीबीएस की स्टेप अप सेरेमनी, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

सुकृति गोयल ने हासिल की पहली रैंक, प्रिया ओम कश्यप द्वितीय और रुद्र राज सिंह तृतीय स्थान पर रहे

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमबीबीएस बैच 2025-26 के प्रथम वर्ष की स्टेप अप सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुकृति गोयल, द्वितीय स्थान पर रहीं प्रिया ओम कश्यप और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रुद्र राज सिंह को सम्मानित किया गया।

फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के डीन प्रो. एसके जैन और पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल लेक्चर थियेटर में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, अतिरिक्त मेडिकल अधीक्षक प्रो. वीके सिंह, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. उमर फारूख, फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. जयवल्लभ कुमार और कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. साधना सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक और



विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रोत्साहन से बढ़ता है विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कम उम्र में मिलने वाला छोटा-सा प्रोत्साहन भी आत्मविश्वास बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डीन प्रो. एसके जैन ने विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष की परीक्षा सफलतापूर्वक पार करने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए प्रेरणा बनेगी।

द्वितीय वर्ष की पढ़ाई को गंभीरता से लेने की सलाह

पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा अवस्थी ने अपने एमबीबीएस अध्ययन काल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि पाठ्यक्रम में बदलाव के कारण अब द्वितीय वर्ष की पढ़ाई के लिए पहले की तुलना में कम समय मिलता है। ऐसे में विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई अधिक गंभीरता और नियमितता के साथ करनी होगी।

वहीं, प्रो. उमर फारूख ने कहा कि प्रथम वर्ष की चुनौतियों को पार करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन इससे आगे की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य और उपलब्धियों के साथ एक संवेदनशील एवं बेहतर इंसान बनने पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में सम्मानित विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। समारोह के बाद विद्यार्थियों ने इन यादगार पलों को तस्वीरों के माध्यम से संजोया।

दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने डिब्रूगढ़ जेल से दिल्ली रवाना हुए अमृतपाल सिंह

पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में तीन घंटे की मिली अनुमति, कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को पहुंचेंगे पंजाब; 22 नवंबर को लौटेंगे डिब्रूगढ़ जेल

समाज जागरण संवाददाता गोरख नाथ गुप्ता, तिनसुकिया (असम) डिब्रूगढ़। खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और ह्यवारिस पंजाब देह्न संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से दिल्ली रवाना किया गया। वह शनिवार को पंजाब स्थित अपने पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में अपनी दादी चरण कौर के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। अदालत ने उन्हें इसके लिए तीन घंटे की अनुमति दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें 22 नवंबर को वापस डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल लाया जाएगा।

अमृतपाल सिंह को शुक्रवार दोपहर करीब 12:45 बजे डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से बाहर निकाला गया। पंजाब पुलिस के पांच सदस्यीय दल ने उन्हें अपनी सुरक्षा में लिया। इसके बाद सात वाहनों के काफिले में उन्हें डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पहुंचाया गया। काफिले में पंजाब पुलिस के साथ असम पुलिस के भारी हथियारों से लैस जवान और ब्लैक पैंथर कमांडो भी तैनात रहे। हवाई अड्डे पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह करीब 2:40 बजे विमान से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

तीन घंटे गांव में रहने की अनुमति

अदालत के आदेश के अनुसार, अमृतपाल सिंह शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे



तक अपने पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में रह सकेंगे। अमृतसर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 17 नवंबर को पंजाब सरकार को इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। यह अनुमति मानवीय आधार पर दी गई है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में भी अमृतपाल सिंह हिरासत में ही रहेंगे। उनकी दादी चरण कौर का 8 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए परिवार की ओर से अदालत में याचिका दायर की गई थी। डिब्रूगढ़ में उनकी वकील जसबीर कौर ने बताया कि अमृतपाल सिंह को शुक्रवार को दिल्ली ले जाया गया है और शनिवार को वह पंजाब में अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

पहले भी नहीं हो पाई थी व्यवस्था

इससे पहले 14 नवंबर को अंतिम संस्कार में शामिल कराने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन डिब्रूगढ़ से अमृतसर तक उपयुक्त विमान और परिवहन की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण ऐसा संभव नहीं हुआ। इसके बाद परिवार ने दोबारा अदालत का रुख किया। अदालत के नए आदेश के बाद 21 नवंबर को तीन घंटे की अनुमति दी गई। अदालत ने अमृतपाल सिंह को 22 नवंबर को दादी की अस्थियां एकत्र करने और 23 नवंबर को होने वाले श्राद्ध कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। इन दोनों कार्यक्रमों में वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे।

2024 में जेल से ही जीता था लोकसभा चुनाव

गौरतलब है कि अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2023 में पंजाब में पुलिस कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में रखा गया। हिरासत के दौरान ही उन्होंने वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव खडूर साहिब सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीता था और जुलाई 2024 में सांसद पद की शपथ ली थी। उनका तीन वर्षीय एनएसए निरुद्धि आदेश अप्रैल 2026 में समाप्त हो गया था, लेकिन अजनाला मामले में वह अब भी जेल में बंद हैं।

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन , कुलगुरु ने विजेताओं को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल, 21 नवंबर। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी एवं एआईयू के संयुक्त तत्वावधान में बीआरसीएम कॉलेज, बहल में पिछले 4 दिनों से चल रही नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आज भव्य समापन हुआ। चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा, द्वितीय स्थान पर सीबीएलयू भिवानी, तृतीय पर सीआरएसयू जींद और चतुर्थ स्थान पर पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला रही। इन चारों टीमों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। अब ये टीमें ऑल इंडिया में नॉर्थ जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। समापन समारोह में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धमार्णी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करता है और बेटियां आज खेल के हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य बेहतर प्रशिक्षण व प्लेटफॉर्म देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने हारने वाली टीमों से निराश न होकर आगे और मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए निदेशक स्पोर्ट्स डॉ. सुरेश मलिक, आयोजन समिति और बीआरसीएम निदेशक प्रो. एसके सिन्हा की सराहना की। बीआरसीएम निदेशक प्रो. एसके सिन्हा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मेजबानी का अवसर मिलना गर्व की बात है और खेलों का महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। एआईयू पर्यवेक्षक डॉ. हरीश कुमार ने कहा कि यहां की सभी व्यवस्थाएं बहुत बेहतर मिलीं, इसके लिए विश्वविद्यालय व मेजबान कॉलेज बधाई के पात्र हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुनीता भरतवाल और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी परमिंदर सिंह ने भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। आयोजन सचिव डॉ. सुरेश कुमार मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों, टीम प्रबंधकों, खिलाड़ियों और मीडिया का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर बीआरसीएम निदेशक प्रो. डॉ. एस.के. सिन्हा, एआईयू ऑब्जर्वर डॉ. हरीश कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुनीता भरतवाल, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी परमिंदर सिंह, वजीर मान, प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा, प्राचार्य डॉ. सुनील शुक्ला, स्पोर्ट्स काउंसिल उपाध्यक्ष डॉ. वजीर सिंह, बीआरसीएम रजिस्ट्रार श्री पवन पंघाल, डॉ. लखा सिंह, सन्नी बुद्धि राजा, कोच मंजीत ढांडा, सन्नी बुधवार, ऋषि शर्मा कॉर्डिनेटर पीआर सेल, राकेश यादव प्रोग्रामर, अंजू, रजत, संजू, मनीष, अमित सहित अनेक कर्मचारी, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पांच दिसंबर तक बढ़ी : डीसी साहिल गुप्ता

दैनिक समाज जागरण,[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी , 21 नवंबर । हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 5 दिसंबर 2026 कर दिया गया है। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से दिशा-निर्देश व अधिसूचना देख सकती हैं और ऑनलाइन पोर्टल (onlinemis.w cdh ry.gov.in /gaurav) पर अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं। डीसी श्री गुप्ता ने जिले की पात्र महिलाओं से इन पुरस्कारों के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के तहत विजेताओं को नकद राशि के साथ प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार में 5,00,000 रुपये और प्रशस्ति-पत्र, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार में 1,50,000 रुपये, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार- 1,00,000 रुपये, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार-1,00,000 रुपये, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड-51,000 रुपये, सरकारी कर्मचारी श्रेणी पुरस्कार- 21,000 रुपये, सामाजिक कार्यकर्ता श्रेणी पुरस्कार- 21,000 रुपये और महिला उद्यमी श्रेणी पुरस्कार में 21,000 रुपये और प्रशस्ति-पत्र शामिल हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों की सुनवाई के दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल कस्वा ने लगाया 40 हजार 998 रुपए का जुमार्ना

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 21 नवंबर। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान एडीसी ने खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से जुड़ी अनियमितताओं पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो मामलों में 40 हजार 998 रूपए का जुमार्ना लगाया। एडीसी ने सुनवाई के दौरान दुर्गा मिष्ठान भंडार के खिलाफ बिना पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने पर 999 रुपये की पेनल्टी लगाई। गांव जमालपुर स्थित गुलशन किरयाणा एवं जनरल स्टोर के मामले में सुनवाई पर एडीसी ने खाद्य पदार्थ निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 39 हजार 999 रुपये का जुमार्ना लगाया। इस दौरान एडीसी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा से संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य कारोबार से जुड़े प्रतिष्ठानों को निर्धारित नियमों के अनुसार ही कारोबार करना चाहिए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता: कपूर सिंह वाल्मीकि

- कुंगड़ में 847 लाख रुपए की लागत से बने जल घर का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व डीसी साहिल गुप्ता ने किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बवानी खेड़ा, 21 नवंबर। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि लोगों को बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता है। बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में लोगों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध करवाने की एक और कड़ी में गांव कुंगड़ के लिए 847 लाख (8 करोड़ 47 लाख रुपये) की लागत से जल घरों का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि हल्के में विधानसभा क्षेत्र में 31 जल घरों का निर्माण/ जीर्णोद्धार करवाया जा है, जिनसे हजारों परिवारों को अब शुद्ध पीने का पानी मिलेगा। वाटर टैंक के उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक के अलावा डीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम महेश कुमार, तहसीलदार सुरेश कुमार, कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा कपाल मोचन मेले के उद्घघाटन समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया। अपना संदेश देते हुए विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि लोगों की सेवा करना ही उनका फर्ज है। लोगों को पीने के पानी का समाधान करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि बवानी खेड़ा के किसी भी गांव में पानी की किल्लत नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता था, गर्मियों में तो हालात और बिगड़ जाते थे। अब नए जल घर बनने से, नई पाइपलाइन बिछने से और पुराने जल घरों की मरम्मत होने से इस समस्या का स्थाई समाधान हो रहा है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल घरों में पानी की सप्लाई नियमित रहे। पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच हो। किसी भी गांव से पानी की शिकायत आए तो तुरंत समाधान हो उन्होंने कहा कि बवानी खेड़ा का विकास ही उनका संकल्प है और पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के कामों को आगे भी इसी तेजी से करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। इसी संकल्प को बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर उतारा जा रहा है।

विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 31 जल घरों को मजबूत किया गया है। इन जल घरों के माध्यम से हर घर तक तक पीने के पानी की सप्लाई पहुंचाई जा रही है, ताकि किसी भी गांव, ढाणी और मोहल्ले में पानी की किल्लत न रहे। उन्होंने कहा कि जल घरों में पानी की सप्लाई नियमित रखने, पानी की गुणवत्ता की जांच करवाने और किसी भी शिकायत का तुरंत समाधान करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

विधायक ने कहा कि विकास का मतलब सिर्फ सड़क और बिल्डिंग नहीं, बल्कि लोगों की बुनियादी जरूरत पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा को पूरा करना है। हल्के में यही संकल्प लेकर काम हो रहा है और आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सब डिविजनल अभीयंता जय वर्मा, विजय शर्मा, अक्षय बल्हारा, सरपंच रोहित गोयत, सरपंच प्रतिनिधि नवीन गोयत, पूर्व सरपंच सुखवेंदर गोयत, अनिल तंवर सहित

कालांवाली यूथ मैराथन कल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिखाएंगे हरी झंडी

1.40 लाख से अधिक युवाओं ने कराया पंजीकरण, नशामुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली का दिया जाएगा संदेश

समाज जागरण



सिरसा/कालांवाली, 21 नवंबर (सुरेश जोरासिया)। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 22 नवंबर को कालांवाली में यूथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 6 बजे मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। आयोजन के लिए कुल 1 लाख 40 हजार 716 पंजीकरण हुए हैं। मैराथन के ब्रांड एंबेसडर पद्मश्री एवं पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, हरियाणवी गायक रॉकस्टार एमडी और एमपी अटवाल की टीम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर युवाओं का उत्साह बढ़ाएगी। मैराथन में 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने प्रतिभागियों की सुविधा के लिए रूट, पार्किंग, यातायात, सुरक्षा और चिकित्सा संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

विभिन्न स्थानों पर साइनेज बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। 21 किलोमीटर की ओवर ऑल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय 37,500 और तृतीय 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये मिलेगा। आयु वर्ग के अनुसार भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, विद्यार्थियों की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका : अशोक कुमार भारद्वाज

तिगड़ाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगड़ाना में मीडिया एंड एंटरटेनमेंट स्किल के विद्यार्थियों के लिए विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मीडिया के महत्व, लोकतंत्र में उसकी भूमिका, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत और सामाजिक सद्भाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीजीटी इतिहास एवं एएनओ एनसीसी सुनीता देवी तथा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्रभारी बलदेव प्रकाश ने मीडिया विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार एवं महामहिम राष्ट्रपति से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार भारद्वाज रहे। उन्होंने वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को जागरूक करने तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान समय में मीडिया के स्वरूप और प्राचीन समय की संचार व्यवस्थाओं में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया ने सूचनाओं के आदान-प्रदान को बेहद तेज और व्यापक बना दिया है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए मीडिया की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और महत्व को समझना बेहद जरूरी है। अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि मीडिया केवल समाचारों के प्रसारण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का सशक्त साधन भी है। विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए तथा किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करनी चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त युवा, सामाजिक सद्भाव और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक आदर्श विद्यार्थी का दायित्व केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं होता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाकर समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह (राजनीतिक शास्त्र), मीता (पीजीटी गणित), सुशीला देवी (पीजीटी हिंदी), मोनिका (कॉमर्स), मीनाक्षी वधवा (बैंकिंग एंड फाइनेंस), मीनू कुमार (आईटी), बजरंग लाल (संस्कृत) तथा बलदेव प्रकाश (मीडिया एंड एंटरटेनमेंट) सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मीडिया के प्रति समझ विकसित करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

22 को शिरोमणि कमेटी प्रकाश पर्व मनाने के लिए 1822 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजेगी

- शिरोमणि कमेटी के ऑफिस में श्रद्धालुओं को वीजा और पासपोर्ट बांटे गए

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



जैतो ,21 नवंबर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से पाकिस्तान के गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए भेजे जाने वाले जत्था के लिए 1822 श्रद्धालुओं को वीजा मिल गए हैं। यह यह जत्था 22 नवंबर को शिरोमणि कमेटी के हेड ऑफिस से पाकिस्तान भेजा जाएगा, जिसके लिए इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। इस बीच, आज श्रद्धालुओं को शिरोमणि कमेटी ऑफिस से उनके वीजा लगे पासपोर्ट मिल गए। पासपोर्ट बांटने के मौके पर शिरोमणि कमेटी के सेक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां ने बताया कि 1828 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन को भेजे गए थे, जिनमें से एम्बेसी ने 1822 श्रद्धालुओं को वीजा जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 6 श्रद्धालुओं को पाकिस्तान एम्बेसी ने वीजा नहीं दिया। सेक्रेटरी काहलवां ने बताया कि जत्थे की लीडर शिरोमणि कमेटी मेंबर बीबी परमिंदर कौर होंगी, जबकि जत्थे के साथ अंतरिम मेंबर रविंदर सिंह खालसा, मेंबर गुरनाम सिंह जस्सल, बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला और जनरल मैनेजर के तौर पर लखबीर सिंह चीफ-85 होंगे।

यह जत्था पाकिस्तान के अलग-अलग गुरुद्वारों के दर्शन करने के बाद 1 दिसंबर को भारत लौटेगा। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष के निजी सेक्रेटरी शाहबाज सिंह, उप सेक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता, सुपरिंटेंडेंट निशान सिंह, मलकीत सिंह बहिडवाल, इंचार्ज यात्रा सुखदीप सिंह भी मौजूद थे।

गरवा में 100 करोड़ के एक्वा पार्क के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल , निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने निमार्णाधीन मेगा प्रोजेक्ट का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों से ली प्रगति रिपोर्ट

ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, बार-बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होने का लगाया आरोप

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल, 21 नवंबर। लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव गरवा में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन उत्तर भारत के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शनिवार को पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने परियोजना का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां सामने आने की बात कही गई। वहीं, ग्रामीणों ने भी निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए अपनी शिकायतें रखीं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर वे पहले भी कई बार संबंधित विभाग को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाने और गुणवत्ता मानकों के अनुसार काम सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। ठेकेदार मौके पर नहीं मिला, निर्माण सामग्री को लेकर ग्रामीणों ने उठाए सवाल निरीक्षण के दौरान जेपी दलाल ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही सामग्री और गुणवत्ता की जांच भी की। इस दौरान कुछ कमियां पाए जाने की बात सामने आई। बताया गया कि जब संबंधित ठेकेदार से मौके पर बात करने का प्रयास किया गया तो वह वहां मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को बताया कि वे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर पहले भी विभाग के अधिकारियों के सामने शिकायत रख चुके हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मांग की कि इतने बड़े बजट की परियोजना में निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और प्रत्येक कार्य की तकनीकी स्तर पर जांच होनी चाहिए। 100 करोड़ का प्रोजेक्ट, लोहारू की आर्थिक तस्वीर बदलने की उम्मीद जेपी दलाल ने कहा कि करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क लोहारू क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह परियोजना मत्स्य पालन और झींगा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति दे सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के संचालन से स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मत्स्य पालन, झींगा उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी गतिविधियों से स्वरोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। किसान पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक मत्स्य एवं झींगा पालन अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे। अब गुणवत्ता जांच और शिकायतों पर कार्रवाई की जरूरत गरवा में निमार्णाधीन यह एक्वा पार्क क्षेत्र के लिए बड़े निवेश और रोजगार की संभावनाओं से जुड़ा प्रोजेक्ट है।

ऐसे में निर्माण सामग्री और गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवालों को गंभीरता से लिया जाना जरूरी है। परियोजना की समयसीमा के साथ-साथ निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी संबंधित विभाग की अहम जिम्मेदारी है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी शिकायतों की तकनीकी जांच होगी और कमियां मिलने पर जिम्मेदार पक्षों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

हिण्डोल में व्यक्ति की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

खाली प्लाट में मिला था व्यक्ति का शव, बेटे की शिकायत पर दर्ज हुआ था मामला

पुलिस ने वारदात में कथित तौर पर इस्तेमाल सफेद ब्रेजा गाड़ी की बरामद

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



चरखी दादरी। चरखी दादरी जिले के गांव हिण्डोल में खाली प्लाट में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले व्यक्ति के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव फोगाट निवासी राकेश और आशीष के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की ब्रेजा गाड़ी भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

खाली प्लाट में मिला था व्यक्ति का शव

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 12 नवंबर को डायल 112 के माध्यम से थाना बौंद कलां में सूचना मिली थी कि गांव हिण्डोल के एक खाली प्लाट में व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर एएसआई प्रदीप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद मृतक के बेटे ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 11 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे अपनी गाड़ी से गांव मानेहरू स्थित बालाजी धाम जाने के लिए निकले थे। अगले दिन सुबह सूचना मिली कि उनकी गाड़ी गांव सांजरवास अड्डे पर खड़ी है। मौके पर पहुंचने पर गाड़ी क्षतिग्रस्त मिली, जबकि उनके पिता का कोई पता नहीं था। बाद में उनका शव गांव हिण्डोल के एक खाली प्लाट में मिला।

जमीनी विवाद में धमकी मिलने का भी आरोप

मृतक के बेटे ने शिकायत में आरोप लगाया कि राकेश, आशीष और उनके कुछ साथियों ने उसके पिता की गाड़ी का पीछा किया था और उसे साइड मारी थी। शिकायतकर्ता ने जमीनी विवाद के चलते पिता को पहले धमकियां मिलने की बात भी कही। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान एएसआई प्रदीप की टीम ने राकेश और आशीष को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई सफेद ब्रेजा गाड़ी बरामद कर ली। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है, विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए : गजानंद अग्रवाल

बहल आईटीआई में दीक्षांत समारोह आयोजित, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य डॉ. पवन बिश्नोई ने की अध्यक्षता विभिन्न ट्रेड में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को दिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 21 नवंबर। बहल स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. पवन बिश्नोई ने समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गजानंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ. पवन बिश्नोई ने संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तकनीकी शिक्षा आज के समय की जरूरत : गजानंद अग्रवाल मुख्य अतिथि गजानंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है। विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और कौशल विकास से ही सफलता हासिल की जा सकती है। मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित समारोह के दौरान संस्थान के विभिन्न ट्रेड में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में संस्थान का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. पवन बिश्नोई ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

अमर शहीद तिलकधारी यादव का 64वा शहीद दिवस चक्का शहीद स्मारक पर मनाकर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि।

अगले वर्ष से लगेगा शहीद मेला, प्रतिभावान युवा होंगे सम्मानित।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। भारत-चीन युद्ध-1962 मे शहीद स्व0 तिलकधारी यादव के 64वें शहीद दिवस को स्मरण करने के लिए आज 21 नवम्बर शनिवार को चक्का गांव के शहीद स्मारक पर विधायक ,एमएलसी, पूर्व सैनिकों व क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें माल्यार्पण करके श्रध्दांजलि अर्पित कर नमन किया।

अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाकर मातृभूमि की रक्षा करने वाला सदैव के लिए अमर हो जाता है। 'शहीदों के मजारों पर लगेंगे हर वर्ष मेले....बाकी निशा। आने वाले दिनों में यहाँ शहीद मेला लगेगा जो भी सहयोग होगा स्वयं हम करेंगे।

विशिष्ट अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान व शहीदों के योगदान को याद रखना सबका दायित्व है।

अध्यक्ष ,पूर्वांचल वीर सेना सूबेदार मेजर सुरेश नागर ने कहा कि शहीद की वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

सेना के रिटायर्ड हवलदार लल्लन प्रसाद चौबे जो उनके सहपाठी रहे उन्होंने उनके वीरता के बारे में जानकारी दी।

सूबेदार मेजर राजबली पाल ने 1962 के युद्ध मे माइनस तापमान में सेना के अदम्य साहस का जिक्र किया।

कमांडर सतीश यादव ने कहा भारत की सेना के अदम्य साहस से दुश्मन आगे बढ़ने में विफल रहे। रेजांगला युद्ध मे हमारे 114 सैनिक शहीद हुए



जिसमे से एक स्व. शहीद तिलकधारी यादव रहे।

शहीद स्मारक चबूतरे पर उपस्थित सभी ने शहीद तिलकधारी यादव को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित की और राष्ट्रगान गाया।

स्व0 तिलकधारी के एकमात्र पुत्र राजनाथ यादव को उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने मिलकर अंगवस्त्र ,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ग्राम प्रधान चक्का व जिला महामंत्री प्रधान संघ मधुवन यादव ने कार्यक्रम में आये सभी पूर्व सैनिकों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए कहा कि सैनिक कभी मरता नहीं बल्कि वह देशभक्ति में तपकर अमर हो जाता है।

शहीद दिवस पर प्रमुख रूप से पूर्व सूबेदार मेजर गुलाब चन्द्र त्रिपाठी, रिटायर्ड गुलाब यादव, राजबली पाल, विनोद यादव,प्रवीण पाल, अमरनाथ पाल ,नन्दलाल यादव, शम्भू यादव, वरिष्ठ पत्रकार के0 एल0 पथिक, क्षेत्रीय प्रधान कैलाश यादव,दीपक चौहान, ओमप्रकाश पटेल, राजनारायण पटेल, भगत यादव, बांके लाल कन्नौजिया आशीष राजभर, मुकेश पटेल सहितशिक्षक ,पत्रकार ,वकील साहित्यकार सम्भ्रांतजन, युवा,छात्र व सैनिक परिवार के लोग शामिल रहे।

अंत मे प्रधान मधुवन यादव, राजनाथ यादव व हरिओम यादव ने आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार शीशम के पेड़ से टकराई एक की हुई मौत

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब थाना क्षेत्र के जक्खिनी चौकी अंतर्गत जमुनी और तिलंगा गांव के बीच बारात से लौटते समय कार अनियंत्रित होकर शीशम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में 73 वर्षीय कृपा शंकर उपाध्याय की मौत हो गई, जबकि लगभग 70 वर्षीय जीत नारायण शुक्ला तथा चालक संगम चौबे उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा घायलों को इलाज के लिए बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के भगीरथपुर गांव से बारात वाराणसी जिले के मरुई गांव निवासी सुभाष शुक्ला की पुत्री की शादी में आई थी। शादी शहंशाहपुर स्थित श्याम मैरिज लॉन में हो रही थी। शादी समारोह में खाना खाने के बाद बाराती कार से वापस भगीरथपुर लौट रहे थे। इसी दौरान जक्खिनी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जमुनी और तिलंगा के बीच कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

काशी गंगा महोत्सव में विधायक त्रिभुवन राम ने सांस्कृतिक विधाओं को सराहा

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। नमो घाट पर आयोजित काशी गंगा महोत्सव के भव्य शुभारंभ समारोह में अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विभिन्न गायकों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक संगीत एवं गायन कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। गंगा तट पर सजे इस सांस्कृतिक आयोजन ने काशी की समृद्ध कला, संगीत एवं आध्यात्मिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में काशी की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है। काशी गंगा महोत्सव जैसे आयोजन हमारी प्राचीन संस्कृति, लोककला और संगीत परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि मां गंगा के पावन तट पर आयोजित यह महोत्सव काशी की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक वैभव और लोक परंपराओं का अद्भुत संगम है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल, भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक पूनम मौर्य, वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के माँ के निधन पर दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मां के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वाराणसी मंडल अध्यक्ष प्रणय कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति चाहे जिस किसी पद पर या उम्र की अवस्था पर पहुंच जाए माँ के सामने बच्चा ही होता है।कहा कि माँ अपने बच्चों में महानता का बीजारोपण बाल्यकाल से ही करती है।उस मां को नमन है जिसने योगी आदित्यनाथ जैसा पुत्र देश को दिया जो राष्ट्र सेवा के लिए जीवन का प्रतिपल अर्पित और समर्पित किए हुए हैं। शोक व्यक्त करने वालों में रतन शंकर सिंह, लाल बहादुर सिंह, राजेश सिंह, अवधेश मिश्रा, राधा सिंह, अनिल, रीमा, किरन आदि भी रहे।

श्री राम कथा भारतीय संस्कृति ,संस्कारों ,सनातन परम्पराओं का जीवंत सवरूप है: विधायक टी0 राम

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी विधानसभा क्षेत्र अजगरा के ग्राम मुर्दहा में आयोजित पावन श्रीराम कथा में विधायक त्रिभुवन राम ने श्रद्धापूर्वक प्रभु श्रीराम के चरणों में नमन किया तथा कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि श्रीराम कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कारों और सनातन परंपराओं का जीवंत स्वरूप है। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमें सत्य, धर्म, त्याग, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन के प्रत्येक प्रसंग के माध्यम से समाज को मयार्दा, प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया है। उनके आदर्श आज भी हमारे जीवन और समाज के लिए प्रासंगिक हैं।

समाज में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है। श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर ही हम एक संस्कारवान, समरस और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह बीरू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहन बाबू एवं मनोज मानव, हीरू सिंह, मोहित सिंह, शिवम् सिंह करन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण ही सरकार का मुख्य उद्देश्य-गीता विश्वकर्मा

- बाल विकास परियोजना हरहुआ मे आयोजित सम्मेलन मे आयोग की सदस्य ने महिलाओ से किया संवाद।
- गर्भवती महिलाओ व बच्चो का हुआ अन्नप्राशन।



समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी ।प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिला समुदाय को आत्मनिर्भर ,आत्मविश्वासी, निर्भीक और अपने जीवन से जुडे निर्णय स्वयं लेने मे सक्षम बनाने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है।

उक्त बाते उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने ब्लाक सभागार हरहुआ मे बाल विकास परियोजना की ओर से आयोजित महिला सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि महिलाओ की मुख्य समस्या शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, आर्थिक रुप से मजबूती व अधिकारो की रक्षा लिए सरकार पूरी तरह से संवेदनशील होकर इस ओर महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।इसी क्रम मे ग्रामीण क्षेत्रो मे महिला समूहो का गठन कर,बाल विकास विभाग मे आगनवाडी कार्यकर्तियो व सहायिकाओ की बडे पैमाने पर भर्ती तथा उनका मानदेय बढाने आदि कई योजना चलाकर महिलाओ के हित मे महत्वपूर्ण कार्य हो रहां है।

श्रीमती विश्वकर्मा ने उपस्थित महिलाओ से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओ से भी अवगत होते हुए कहाकि आप लोगो के साथ यदि किसी भी स्तर से कोई भेद-भाव ,उत्पीडन,उपेक्षा, असुरक्षा व सामाजिक अपमान होता है तो मुझे निःसंकोच बताये मेरे दरवाजे आप लोगो के लिए हमेशा खुला है,मै आप लोगो के लिए सदैव समर्पित हू।

सम्मेलन मे वाराणसी जनपद की महिला नोडल अधिकारी महिला थानाध्यक्ष लंका ने भी सरकार द्वारा महिलाओ की सुरक्षा आदि से सम्बन्धित चलाये जा रहे अभियान की भी जानकारी दी।

सीडीपीओ हरहुआ मीरा कुमारी ने महिलाओ के हितो के लिए विभाग द्वरा प्रधानमंत्री मातृ बंदन योजना सहित विभिन्न संचालित योजनाओ की विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी।

इस दौरान कुल तीन गर्भवती महिलाओ की गोदभराई व तीन बच्चो का अन्नप्राशन भी राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा किया गया। सम्मेलन मे कार्यकर्ती ज्ञायनेश्वरी देवी की टीम ने स्वागत, सोहर आदि गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

अन्त मे सीडीपीओ मीरा कुमारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।कार्यक्रम मे मुख्य सेविका सरिता चौहान,अन्नू यादव,नेहा सरोज व लिपिक सुनील कुमार सहित सैकडो की संख्या मे आगनवाडी कार्यकर्तिया उपस्थित रही।

के.जे. एजुकेशनल ग्रुप में फ्रेशर पार्टी, शिवम बने मिस्टर फ्रेशर

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बाबतपुर स्थित के0जे0 एजुकेशनल ग्रुप के अंतर्गत संचालित के.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवं सन्मुख कॉलेज ऑफ फामेर्सी में



बी.फार्मा प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ. योगेन्द्र सिंह रहे।

के.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश द्विवेदी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं सन्मुख कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य डॉ. सचिन अग्रहरी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच बी.फार्मा प्रथम वर्ष के शिवम कुमार वर्मा को मिस्टर फ्रेशर तथा अंशिका सिंह को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

विद्युत पोल से अज्ञात चोरों ने काटे बिजली के तार

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव की राजभर बस्ती के समीप चार विद्युत पोल से बिजली के तार काटे जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने चार विद्युत खंभों से तार काटकर चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि रघुनाथपुर गांव की राजभर बस्ती के पास लगे विद्युत पोल से अज्ञात चोरों ने तीन खंभों के तार काट लिए। घटना की जानकारी होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। इस संबंध में एसडीओ सेवापुरी सौरभ पटेरिया ने कपसेठी थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी की घटना में शामिल आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं, तहरीर मिलने के बाद कपसेठी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास की जानकारी जुटाने के साथ ही अज्ञात चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। विद्युत विभाग की ओर से भी चोरी गए तारों के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

तालाब से मछली चोरी करने का आरोप

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के दबेथुआ दौलतिया गांव निवासी रत्नेश कुमार सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात लोगों पर तालाब से मछली चोरी करने और पेड़ उखाड़कर फेंकने का आरोप लगाया है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, रत्नेश कुमार सिंह ने अपनी आबादी की जमीन पर तालाब खुदवाकर मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया है। तालाब में उन्होंने रोहू मछली पाल रखी है, जो अब काफी बड़ी हो चुकी है। आरोप है कि गांव के ही कुछ अज्ञात लोग रात के अंधेरे में तालाब में जाल डालकर मछलियां चोरी कर रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही तालाब के पास लगाए गए लिपटस के पेड़ों को भी उखाड़कर फेंका जा रहा है।

पीड़ित ने आशंका जताई है कि अज्ञात लोगों द्वारा भविष्य में भी तालाब की मछलियों और पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

पारिवारिक विवाद में मारपीट चले ईट पत्थर

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।जंसा थाना क्षेत्र के परमन्दापुर गांव में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद में मारपीट चले ईट पत्थर लाठी डंडे चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज। बताया जाता हैं की राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरे भाई वीरेंद्र भारती उनकी पत्नी गीता भारती उनका पुत्र राजू भारती तथा पुत्री अनू भारती आए दिन गाली गलौज मारपीट करते रहते हैं बीते शुक्रवार को अचानक मेरे ऊपर लाठी डंडे ईट पत्थर से मरने लगे और हसुआ से मेरे बाहों पर वार कर दिया जिससे मेरे बाह पर गंभीर चोट आई है और जान से मारने की धमकी दिया है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी इस मामले में थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आश्रम में कचरा फेंकने का आरोप

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के एक आश्रम की चारदीवारी में छेद कर गंदा पानी बहाने और परिसर में कूड़ा-कचरा फेंकने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आश्रम से जुड़े लोगों ने जंसा थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद रोड के समीप पम्पापुर मुस्लिम बस्ती से सटे संतमत अनुयायी मठ गढ़वा घाट आश्रम की चारों तरफ करीब एक वर्ष पूर्व नई बाउंड्री बनवाई गई थी। आरोप है कि बस्ती के कुछ लोगों ने आश्रम की बाउंड्री में छेद कर दिया है और अपने घरों का गंदा पानी पश्चिम दिशा से आश्रम परिसर की ओर बहा रहे हैं।

शिकायतकताओं का आरोप है कि आश्रम परिसर में गंदे कपड़े, पैंपर, हड्डियां, शीशे के टुकड़े, परई और प्लास्टिक सहित अन्य कचरा भी फेंका जाता है। इसका विरोध करने पर आश्रम के साधु-संतों और भक्तों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। साथ ही पिछले करीब डेढ़ वर्षों से समझाने-बुझाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे आश्रम के साधु-संतों और भक्तों में नाराजगी है। आश्रम की ओर से सुमिरन प्रेमानंद जी और सुशोभित सेवानंद जी ने पुलिस से मौके का निरीक्षण कर गंदे पानी का बहाव बंद कराने और मामले में दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा


कारागार में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के दिए निर्देश

समाज जागरण

मीरजापुर/जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों के रहने की व्यवस्था तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा बंदियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरष/महिला बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों के रहने, पेयजल, भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार में निरुद्ध बंदियों के मानवाधिकारों एवं मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्हें



गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कारागार परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा संबंधी सभी प्रबंधों को प्रभावी बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कारागार में सुरक्षा उपकरणों, निगरानी व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कारागार की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 86 प्रार्थना पत्रों में मौके पर 06 का किया गया निस्तारण

समाज जागरण

मीरजापुर/ जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधा दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 86 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 06 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अधिकारी पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व पैमाइश के मामले में उप जिलाधिकारीगण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर भेजकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में शिकायत को सुनते हुए पीड़ित फरियादी को न्याय दिलाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना के तहत जो भी पानी की आपूर्ति की जा रही है बेहतर ढंग कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों नियमानुसार निस्तारण कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, समाज कल्याण के द्वारा अत्यधिक असंतुष्ट फीडबैक अधिक होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शासन स्तर से सीधे शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक लिया जा रहा है अतएव सभी अधिकारी 30 नवम्बर 2026 सभी शिकायतकर्ता से वार्ता कर निस्तारण कराएं। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व ए0आर0 कोआपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद वितरण व धान क्रय केन्द्रों पर नियमित खरीद की जाए यदि किसानों द्वारा शिकायत की जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी मड़िहान को निर्देशित किया कि वे स्वय धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करे तथा आ रही बाधाओं का निराकरण कराएं। सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई बेहतर ढंग से कराएं एवं टेल तक



पानी पहुंचाए इसके में किसी प्रकार लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नहर सफाई व टेल पहुंचाने के सम्बंध में निरीक्षण कर यदि कोई समस्या आती है तो उसका निस्तारण कराएं। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील सदर में मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता के समक्ष प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में 06 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल के समक्ष प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रों में 05 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के समक्ष प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में 03 का निस्तारण किया गया। तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

तहसील दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील प्रांगण में बनाए गए ई0वी0एम0 प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत ई0वी0एम0 प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता को ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं में ईवीएम को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं रहना चाहिए। इस दौरान वीवीपैट से पर्ची मिलने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन कराया गया। केंद्र पर आने वाले लोगों ने ईवीएम से मतदान करके प्रक्रिया को समझा। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों को ड्यूटी पर सतर्क व सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

मिशन अंत्योदय में डाटा शुद्धिकरण पर माहेश्वरी समाज जिलाध्यक्ष आलोक खटोड़ को प्रदेश से मिला साधुवाद

समाज जागरण

अनूपपुर (ब्यूरो)प्रादेशिक माहेश्वरी सभा में मिशन अंत्योदय के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को लेकर शहडोल जिले की कार्यशैली प्रदेश भर में चर्चा का विषय बन गई है।प्रदेश सचिव दीपक चांडक ने शहडोल जिला अध्यक्ष आलोक खटोड़ की सक्रियता,गंभीरता और जिम्मेदारी की खुलकर सराहना करते हुए उन्हें विशेष बधाई एवं साधुवाद दिया है। दीपक चांडक ने अपने पत्र में कहा है कि मिशन अंत्योदय के अंतर्गत 1 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के सत्यापन एवं जिले के डाटा के शुद्धिकरण के कार्य में आलोक खटोड़ ने जिस तत्परता का परिचय दिया है,वह निश्चित रूप से अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि शहडोल जिले के प्रारंभिक डाटा में बड़ी संख्या में विलोपन लेख परिवार दर्शाए गए थे।लेकिन जिला अध्यक्ष ने केवल आंकड़ों पर विश्वास नहीं किया और प्रत्येक परिवार का व्यक्तिगत सत्यापन करवाया।जांच के बाद वास्तविक रूप से पात्र परिवार के रूप में केवल एक परिवार सामने आया,जबकि शेष गलत एवं अपात्र प्रविष्टियों को तत्काल सुधरवाने की कार्रवाई की गई। प्रदेश सचिव ने कहा कि यह केवल डाटा सुधारने का कार्य नहीं है,बल्कि संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जिम्मेदार नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सही सत्यापन से ही वास्तविक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। इसी क्रम में दीपक चांडक ने नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष बृज रतन काबरा एवं मुरैना जिला अध्यक्ष अजय माहेश्वरी की भी विशेष सराहना की।उन्होंने कहा कि दोनों जिला अध्यक्षों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क स्थापित किया। भले ही उनके जिलों में डाटा सुधार एवं सत्यापन की प्रक्रिया आगे होनी है,लेकिन कार्य के प्रति उनकी तत्परता, जागरूकता और सकारात्मक पहल निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। प्रदेश सचिव ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों से विनम्र आग्रह किया है कि वे शहडोल की इस पहल से प्रेरणा लें और नरसिंहपुर एवं मुरैना के जिला अध्यक्षों जैसी सक्रियता दिखाते हुए अपने-अपने जिलों में भी तत्काल सत्यापन एवं डाटा शुद्धिकरण का कार्य प्रारंभ करें।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आंकड़े जुटाना नहीं है,बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाना है।इसके लिए सही डाटा और पारदर्शी सत्यापन हमारी पहली जिम्मेदारी है।

अंत में उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से मिलकर मिशन अंत्योदय को सफल बनाने में सक्रिय एवं सार्थक भूमिका निभाने का आह्वान किया और शहडोल जिला अध्यक्ष को उनकी सक्रियता, सकारात्मक सोच एवं संगठन के प्रति समर्पण के लिए हार्दिक साधुवाद दिया।

विंध्य प्रदेश गठन की उठी मांग, कन्हैया लाल मिश्र ने पेश किया 15 जिलों का प्रशासनिक खाका

समाज जागरण

अनूपपुर। विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास, प्रशासनिक विकेंद्रीकरण और क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही विकास संबंधी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पृथक विंध्य प्रदेश के पुनर्निर्माण की मांग उठाई गई है। भारतीय गणवार्ता भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्र ने भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि विंध्य प्रदेश के गठन की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करते हुए इसके लिए आवश्यक पहल शुरू की जाए। कन्हैया लाल मिश्र ने अपनी मांग के साथ विंध्य प्रदेश का एक प्रस्तावित प्रशासनिक खाका भी प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, प्रस्तावित विंध्य प्रदेश में 15 जिले और 4 संभाग निर्धारित किए जाने चाहिए। यह जिला एवं संभाग संबंधी स्वरूप उनके द्वारा प्रस्तुत मांग का हिस्सा है, जिसके माध्यम से क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुगम और विकासोन्मुख बनाने की परिकल्पना की गई है। कन्हैया लाल मिश्र का प्रस्तावित प्रशासनिक स्वरूप.रीवा संभाग -रीवा, सतना, पन्ना,मैहर जबलपुरसंभाग-जबलपुर, कटनी ,मंडला, डिंडौरी शहडोल संभाग - शहडोल,उमरिया, अनूपपुर, ब्यौहारी सीधी संभाग -सीधी ,सिंगरौली, मऊगंज विकास, रोजगार और प्रशासनिक सुविधाओं पर होनी चाहिए प्राथमिकता कन्हैया लाल मिश्र का कहना है कि विंध्य प्रदेश के पुनर्निर्माण की मांग केवल नए राज्य के गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे क्षेत्र की जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क एवं रेल सुविधाएं, सिंचाई, औद्योगिक विकास और युवाओं के लिए बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने की अपेक्षा जुड़ी है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, कृषि, वन संपदा और औद्योगिक संभावनाओं से समृद्ध है। इसके बावजूद अनेक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर चुनौतियां बनी हुई हैं। यदि प्रशासनिक व्यवस्था क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विक सित होती है, तो जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ शासन तक पहुंचाने और उनके समाधान की दिशा में बेहतर व्यवस्था बनाने पर विचार किया जा सकता है। अनूपपुर और शहडोल अंचल की विकास संबंधी अपेक्षाएं भी हों शामिल प्रस्तावित स्वरूप में अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और ब्यौहारी को शहडोल संभाग के अंतर्गत रखते हुए क्षेत्रीय विकास को विशेष महत्व देने की बात सामने आई है। इस अंचल में कोयला एवं अन्य खनिज संसाधन, औद्योगिक गतिविधियां, वन क्षेत्र और आदिवासी बहुल ग्रामीण अंचल हैं। यहां रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, रेल कनेक्टिविटी और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों के विकास की व्यापक आवश्यकता है। केंद्र और राज्य सरकार से पहल की मांग कन्हैया लाल मिश्र ने भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि विंध्य प्रदेश के पुनर्निर्माण की मांग और उनके द्वारा प्रस्तुत 15 जिलों एवं 4 संभागों के प्रस्तावित स्वरूप पर व्यापक जनसंवाद कराया जाए। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों की राय लेकर संवैधानिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाए। उन्होंने विंध्य क्षेत्र की जनता से भी अपील की कि वे क्षेत्र के भविष्य, विकास और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से रखें। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है

कि विंध्य प्रदेश के पुनर्निर्माण की इस मांग को केंद्र और राज्य सरकार किस रूप में लेती हैं? क्या क्षेत्र की विकास संबंधी अपेक्षाओं, प्रशासनिक सुविधाओं और जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर गंभीर विचार किया जाएगा? यह विषय अब व्यापक जनचर्चा और शासन के समक्ष विचार का विषय बनता जा रहा है।

कोतमा के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर विवाद, नियमों और अनुमति पर उठे सवाल

रात में सजा मंच, रंगीन रोशनी के बीच हुईं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां; पार्किंग, सुरक्षा और प्रशासनिक अनुमति को लेकर जांच की मांग

समाज जागरण

कोतमा। नगर के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में 19 नवंबर को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम अब सवालों के घेरे में है। कार्यक्रम के सामने आए वीडियो और तस्वीरों में रात के समय भव्य मंच, रंगीन लाइटिंग, बड़ी एलईडी स्क्रीन और विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिखाई दे रही हैं। आयोजन की भव्यता के बीच अब विद्यालय प्रबंधन की व्यव स्थाओं और आवश्यक प्रशासनिक अनुमतियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के आयोजन में आवश्यक नियमों और अनुमतियों का पालन किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि इतने बड़े आयोजन के दौरान पार्किंग, सुरक्षा,



यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी या नहीं। हालांकि उपलब्ध वीडियो में पार्किंग स्थल या उसकी व्यवस्था दिखाई नहीं देती, इसलिए इस संबंध में जांच आवश्यक है।

ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन जरूरी

ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के नियम 5 के तहत लाउडस्पीकर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के इस्तेमाल के लिए सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति आवश्यक है। वहीं रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इनके उपयोग पर सामान्य प्रतिबंध है। ऐसे में प्रशासन को यह भी जांचना चाहिए कि कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल के लिए आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं और निर्धारित समय-सीमा का पालन हुआ या नहीं।

प्रशासन की निगरानी पर भी सवाल

विद्यालयों में आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। ऐसे आयोजनों में आपातकालीन निकास, अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजामों की स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या संबंधित अधिकारियों को आयोजन की जानकारी थी और क्या आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया था?

जांच के बाद ही स्पष्ट होगी वास्तविक स्थिति

अब जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी और स्थानीय प्रशासन से मांग उठ रही है कि 19 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक अनुमतियों, सुरक्षा इंतजामों , ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और पार्किंग व्यवस्था की जांच कराई जाए। यदि किसी नियम का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बड़ा सवाल यह है कि क्या सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्यता के बीच जरूरी नियमों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को पर्याप्त महत्व दिया गया? आखिर आयोजन से पहले कौन-कौन सी अनुमतियां ली गई थीं और जिम्मेदार विभागों ने क्या निगरानी की? इन सवालों का जवाब अब प्रशासनिक जांच से ही सामने आ सकेगा। विद्यालय प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष इस खबर के प्रकाशन के समय उपलब्ध नहीं हो सका। उसका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

26 नवंबर की संविधान बचाओ-देश बचाओ महारैली को लेकर कांग्रेस की तैयारी तेज, 22 नवंबर को होंगे पांच स्थानों पर बैठकें

ब्यौहारी में त्रिभुवन प्रताप सिंह और जयसिंहनगर में आशीष त्रिपाठी संभालेंगे जिम्मेदारी, जिला संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार रहेंगे मौजूद

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देश पर आगामी 26 नवंबर को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ-देश बचाओ महारैली की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। महारैली को लेकर जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों ब्यौहारी और जयसिंहनगर में 22 नवंबर रविवार को अलग-अलग स्थानों पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों की मौजूदगी में ब्लॉक स्तर पर संगठन की तैयारियों, कार्यकताओं की भागीदारी और महारैली की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी प्रभारी *त्रिभुवन प्रताप सिंह* को सौंपी गई है। उनके निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार रविवार को सुबह 11 बजे बाणसागर -बुढ़वा ब्लॉक में पहली बैठक आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे ब्यौहारी ब्लॉक में बैठक रखी गई है। वहीं दोपहर 3 बजे उपब्लॉक बनसुकली-अमझोर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी।

इन बैठकों में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव *विनोद ताम्र कार* मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी *आशीष त्रिपाठी* का दौरा कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है। वे रविवार को दोपहर 2 बजे जयसिंहनगर ब्लॉक में रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे सिंहपुर में कांग्रेसजनों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महारैली की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। जिला संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार ने ब्यौहारी ब्लॉक सहित विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, युवा कार्यकर्ताओं एवं संगठन से जुड़े सभी साथियों से निर्धारित समय और स्थान पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर की महारैली को लेकर संगठन के प्रत्येक स्तर पर समन्वय और तैयारियों की समीक्षा आवश्यक है।

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों से भी बैठकों में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है, ताकि महारैली की तैयारियों को लेकर आवश्यक रणनीति और जिम्मेदारियां तय की जा सकें।

अमरकंटक से 24 नवंबर को निकलेगी सात दिवसीय मैकल परिक्रमा, सात दिनों तक गूंजेंगे मां नर्मदा के जयकारे

तीसरे वर्ष आयोजित होगी पृथ्वी की परिक्रमा कही जाने वाली मैकल परिक्रमा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगी यात्रा

समाज जागरण

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा की भक्ति, सेवा और समर्पण के भाव को लेकर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सात दिवसीय मैकल परिक्रमा का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जा रहा है। पृथ्वी की परिक्रमा के स्वरूप में आयोजित होने वाली इस धार्मिक यात्रा का शुभारंभ 24 नवंबर 2026, मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा। यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं धर्मप्रेमीजन शामिल होकर मां नर्मदा की आराधना और संकीर्तन करेंगे। यात्रा का शुभारंभ अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर के गणेश धुना से होगा। सात दिनों तक चलने वाली इस परिक्रमा में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों से होकर श्रद्धालु गुजरेंगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह बालभोग, संकीर्तन, भजन-कीर्तन, प्रसादी एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी। सात दिनों का निर्धारित यात्रा कार्यक्रम आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 24 नवंबर को गणेश धुना, मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक से यात्रा प्रारंभ होकर जामुन (करंजिया) पहुंचेगी, जहां बालभोग, संकीर्तन एवं प्रसादी का आयोजन होगा। 25 नवंबर को यात्रा पकरी सोंधा खनन (करंजिया) पहुंचेगी। 26 नवंबर को जलेश्वरधाम अमरकंटक में बालभोग, विश्राम एवं प्रसादी का कार्यक्रम निर्धारित है। 27 नवंबर को यात्रा छत्तीसगढ़ के पकरिया गैरला पहुंचेगी, जहां श्रद्धालुओं के लिए बालभोग, संकीर्तन एवं प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। 28 नवंबर को माई मंडवा डांडगांव (छत्तीसगढ़) में धार्मिक आयोजन होंगे। वहीं 29 नवंबर को यात्रा आमानडोंग (छत्तीसगढ़) पहुंचेगी, जहां भजन-कीर्तन, संकी र्तन एवं प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 30 नवंबर, सोमवार को सात दिवसीय मैकल परिक्रमा का समापन अमरकंटक स्थित गणेश धुना में होगा। समापन अवसर पर भव्य भजन संध्या, कन्या भोजन, नगर भ्रमण एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

संतों के संरक्षण में हो रहा धार्मिक आयोजन

इस सात दिवसीय मैकल परिक्रमा के यात्रा संरक्षक मां नर्मदा सीताराम महाराज (1008), परमहंस संत, अमरकंटक धाम, जिला अनूपपुर हैं। वहीं यात्रा संयोजक श्री श्री संत भगवानदास जी महाराज, गणेश धुना अमरकंटक हैं। इस धार्मिक आयोजन का संचालन मां नर्मदा मैकल परिक्रमा आयोजन समिति भारतवर्ष द्वारा किया जा रहा है। यात्रा संयोजक संत भगवानदास जी महाराज ने धर्मप्रेमियों एवं मां नर्मदा के भक्तों से इस पावन परिक्रमा में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। सेवा, भक्ति और समर्पण का संदेश देगी मैकल परिक्रमा मैकल परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा, प्रकृति के प्रति सम्मान, संतों के सानिध्य और समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का माध्यम है। सात दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में मां नर्मदा के जयकारों, भजन-कीर्तन और संकी र्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होगा।

शहडोल में आज 75 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 60 वरिष्ठ पेंशनर्स का होगा सम्मान

समाज जागरण

वरिष्ठ पेंशनर्स का आज सम्मान समारोह आयोजित शहडोल 21 नवंबर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 60 पेंशनर्स का सम्मान महेंद्र कुमार श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शहडोल के मुख्य आतित्य में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष रामनिवास पयासी की अध्यक्षता में सनत कुमार पांडे संभागीय अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में शासकीय रघुराज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आज 22 नवंबर 2026 को दोपहर 1:00 बजे से संपन्न होगा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा शहडोल के सचिव के एम चतुर्वेदी ने बताया कि समझ में संगठनात्मक चर्चा एवं पेंशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा आता है सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को सफल बनाएं 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स सदस्य श्रीमती शकुंतला तिवारी शिक्षिका श्रीमती गीता सोनी शिक्षिका शांत लता स्टाफ नर्स श्रीमती सत्यवती द्विवेदी एएनएम श्रीमती अरुणा चौधरी नर्सिंग सिस्टम श्रीमती अहिल्या श्रीवास्तव शिक्षिका श्रीमती बी डी विश्वकर्मा महिला बाल विकास अधिकारी जगदीश दीक्षित रजिस्टर विपिन बिहारी श्रीवास्तव रामचरण वर्मा राजेश्वरी प्रताप सिंह सुंदरलाल



वर्मा उदयनाथ पांडे चेतमणि शुक्ला शैलेंद्र कुमार चार्ज पूर्व जनसंपर्क अधिकारी इब्राहिम खान सत्यदेव पटेल अब्दुल कलाम एल पी पांडे रफीक खान सुल्तान खान प्रहलाद सिंह जाट राम भजन शुक्ला राजाराम तिवारी चिंतामणि सोनी शंकर दास वर्मा धौली चंद गुप्ता रामसेवक वर्मा आरबी सिंह यशवंत सिंह परिहार डीके रुसिया डॉक्टर एच एम सिंह बघेल राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी जेपी मिश्रा ओंकार प्रसाद गुप्ता भृगु नाथ पाठक जगदीश प्रसाद द्विवेदी बद्री प्रसाद शर्मा लाल जी शर्मा बृजेंद्र प्रसाद मिश्रा त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा श्रीनिवास त्रिपाठी सुशील कुमार प्यासी सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी महेंद्र प्रसाद ढीमर विपेंद्र सिंह निर्मल टीवी तोपखानेवाले राम विशाल चौधरी गंगाराम कहार जवाहरलाल नामदेव राम जी गुप्ता रियाज खान जगदीश प्रसाद तिवारी मोहनलाल गुप्ता अनंत राम त्रिपाठी मधुर शास्त्री राम रसिक पांडे रामकुमार साहू दीपक कुमार खरे को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा

अमरकंटक में 29 नवंबर को पुजारी प्रशिक्षण कार्यशाला का होगा आयोजन, प्रदेश के राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

देवस्थानों एवं तीर्थस्थलों के बेहतर प्रबंधन पर होगा मंथन, शहडोल संभाग के पुजारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण; कल्याण सेवा आश्रम में आयोजित होगा संभाग स्तरीय कार्यक्रम

समाज जागरण विजय तिवारी

अमरकंटक। धार्मिक नगरी अमर कंटक में देवस्थानों एवं तीर्थस्थलों के समुचित प्रबंधन, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा मंदिरों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा मध्यप्रदेश तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण द्वारा पुजारी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शहडोल संभाग स्तरीय यह प्रशिक्षण कार्यशाला आगामी 29 नवंबर 2026, रविवार को प्रातः 10:30 बजे श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक, जिला अनूपपुर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्रियों, सांसद, विधायकों, विभिन्न आयोगों एवं प्राधिकरणों के अध्यक्षों सहित प्रशासनिक अधि कारियों और धमार्चार्यों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी शामिल होंगे, जो संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल तथा मध्यप्रदेश तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोंटिया उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में परशुराम कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश के अध्यक्ष म विष्णु राजौरिया, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्रि सिंह, अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला, रमन योगी जी महाराज, मध्यप्रदेश जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. नरेंद्र गोंटिया, बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, अनूपपुर कलेक्टर रत्नाकर झा, अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेंद्र भारती, अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह तथा अमरकंटक नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।इस प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के संचालन, पूजा-पद्धति, धार्मिक व्यवस्थाओं, परंपराओं के संरक्षण तथा देवस्थानों के सुव्यवस्थित प्रबंधन से संबंधित विषयों पर पुजारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके माध्यम से धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखने वाली पवित्र नगरी अमरकंटक में इस संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम से शहडोल संभाग के विभिन्न तीर्थस्थलों और देवस्थानों से जुड़े पुजारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के आयोजक एवं मध्यप्रदेश तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण, भोपाल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. राजेश श्रीवास्तव द्वारा कार्यशाला के आयोजन की जानकारी दी गई है।कार्यक्रम 29 नवंबर 2026 * समयः प्रातः 10:30 बजे को श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

12 साल से निमार्णाधीन सड़क की बदहाली से लोग परेशान, एंबुलेंस और मरीजों को भी हुई भारी परेशानी

समाज जागरण

उमरिया। उमरिया-शहडोल के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर हल्की बारिश ने सड़क निर्माण की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी। घुनघुटी मोर्चा फाटक के पास कीचड़ और फिसलन के कारण भारी वाहन फंस गए, जिससे रात 11 बजे से अगले दिन दोपहर 12 बजे तक करीब 13 घंटे भीषण जाम लगा रहा। सड़क के दोनों ओर ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों वाहन फंसे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार उमरिया-शहडोल मार्ग पिछले करीब 12 वर्षों से निमार्णाधीन है। बारिश होते ही सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण आवागमन ठप हो जाता है। छोटी गाड़ियां बिरसिंहपुर पाली से सुंदरदादर मार्ग होकर निकलती रहीं, लेकिन भारी वाहनों के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं था। जाम में एंबुलेंस, मरीज, बच्चे और बुजुर्ग भी फंसे रहे। भूखे-प्यासे चालक और यात्री घंटों परेशान होते रहे। घुनघुटी पुलिस रातभर सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण जाम खुलवाना मुश्किल रहा। ग्रामीणों ने निर्माण कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सड़क निर्माण जल्द पूरा कराने तथा स्थायी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का सवाल है कि 12 साल बाद भी सड़क अधूरी क्यों है?

डस्ट-मिट्टी मिलाकर पावर प्लांटों को भेजने की चर्चा, पर्यावरण विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

समाज जागरण

शहडोल। जिले के अमलाई स्थित रेलवे गुड्स यार्ड एवं रेलवे साइडिंग में कोयले की गुणवत्ता के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार, रात के अंधेरे में अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले में डस्ट, मिट्टी और पत्थर मिलाकर मालगाड़ियों के माध्यम से विभिन्न पावर प्लांटों को भेजा जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, खदानों से डीओ के माध्यम से प्राप्त कोयले का साइडिंग में भंडारण किया जाता है। आरोप है कि पोकलेन और अन्य भारी मशीनों की मदद से कोयले में मिलावट कर उसे रेलवे रैक से रवाना किया जाता है। इस मामले में कोयले की गुणवत्ता जांच और सैंपलिंग प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। मिलावटी कोयले के कारण कुछ पावर प्लांटों में ट्रिपिंग और बिजली उत्पादन प्रभावित होने की चर्चाएं भी हैं। हालांकि दोनों के बीच प्रत्यक्ष संबंध प्रमाणित नहीं है। स्थानीय लोगों ने पर्यावरण विभाग, रेलवे प्रशासन और खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए संयुक्त उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मांग की गई है कि कोयले के स्टॉक, डीओ, रेलवे रैक रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और प्रयोगशाला रिपोर्ट की जांच कराई जाए, ताकि आरोपों की सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कार्रवाई हो।

सारदा ओसीएम की अनियंत्रित ब्लास्टिंग से दहशत में बकहो के रहवासी, मकानों में दरारें आने का आरोप

बारिश के दौरान भी जारी रही ब्लास्टिंग, कई मकानों को नुकसान पहुंचने का दावा; आवासीय क्षेत्र के नजदीक ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग

दो माह पहले प्रबंधन ने दिया था नियंत्रित ब्लास्टिंग का लिखित आश्वासन, पालन नहीं होने पर रहवासियों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

समाज जागरण

बकहो (शहडोल)। नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 3 सहित आसपास के अन्य वार्डों में सारदा ओसीएम, एसईसीएल द्वारा की जा रही कथित अनियंत्रित एवं अत्यधिक तीव्र ब्लास्टिंग को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। खदान में लगातार हो रही तेज ब्लास्टिंग से मकानों में कंपन और दरारें आने की शिकायत सामने आई है। रहवासियों का आरोप है कि खनन कार्य धीरे-धीरे आबादी वाले क्षेत्रों के बेहद नजदीक पहुंच गया है, जिससे लोगों को अपने घरों और परिवार की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 3 एवं अन्य वार्डों के रहवासियों ने जिला शहडोल के जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि ब्लास्टिंग की तीव्रता और आवृत्ति लगातार बढ़ रही है। इसके कारण आसपास के घरों में कंपन महसूस होता है और मकानों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। लिखित आश्वासन के बाद भी नहीं सुधरे हालात रहवासियों के अनुसार, लगभग दो माह पूर्व इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों और एसईसीएल सारदा ओसीएम प्रबंधन के अधिकारियों के बीच बैठक हुई थी। उस दौरान प्रबंधन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में नियंत्रित तरीके से ब्लास्टिंग की जाएगी और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। लेकिन रहवासियों का कहना है कि आश्वासन के बावजूद जमीन पर कोई प्रभावी सुधार दिखाई नहीं दे रहा है और पहले की तरह ही तेज ब्लास्टिंग जारी

खराब मौसम से फसल क्षति होने पर किसान तत्काल दर्ज कराएं सूचना - जिलाधिकारी चर्चित गौड़

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद में खराब मौसम, बेमौसम वर्षा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसलों को होने वाली संभावित क्षति के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्री चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त किसानों से सतर्क रहने तथा फसल क्षति होने की स्थिति में तत्काल सूचना दर्ज कराने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि प्रतिकूल मौसम अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण किसी किसान की फसल को क्षति होती है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर समय से सूचना दर्ज कराए, जिससे फसल क्षति का सर्वेक्षण एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

जनगणना 2027 का आगाज! घर-घर पहुंच रहे गणनाकर्मी, परिवारों से पूछे जा रहे 40 सवाल

आपकी एक-एक जानकारी बनेगी देश की विकास योजनाओं का आधार, जनगणना में सही जानकारी देना हर नागरिक की जिम्मेदारी,
हर परिवार की जानकारी से बनेगा विकसित भारत का खाका
40 सवालों में दर्ज होगी परिवार की पूरी तस्वीर, जनगणना में लापरवाही पड़ सकती है विकास योजनाओं के आंकड़ों पर भारी

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। देश की आबादी, सामाजिक स्थिति और परिवारों की वास्तविक परिस्थितियों का सटीक आंकड़ा जुटाने के उद्देश्य से जनगणना 2027 के तहत स्वगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही तहसील क्षेत्र के गांवों में गणनाकर्मियों की सक्रियता बढ़ गई है। कर्मचारी घर-घर पहुंचकर परिवार के मुखिया सहित प्रत्येक सदस्य से जुड़ी जानकारियां एकत्र कर रहे हैं। जनगणना की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हलचल देखने को मिल रही है। जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से कुल 40 सवाल पूछे जा रहे हैं। इन सवालों के माध्यम से परिवार की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और व्यक्तिगत स्थिति से संबंधित जानकारियां जुटाई जा रही हैं। इसमें परिवार के मुखिया का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मस्थान, जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, व्यवसाय, स्थायी पता, बैंक खाते, मोबाइल नंबर, टीकाकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार नंबर, जाति और वैवाहिक स्थिति से संबंधित विवरण शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा विवाहित महिलाओं से प्रजनन संबंधी जानकारी भी मांगी जा रही है। जनगणना के आंकड़ों से तय होगी विकास की दिशा जनगणना केवल लोगों की गिनती करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने का महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, आवास, रोजगार और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में जनगणना से प्राप्त आंकड़ों की अहम भूमिका होती है। ऐसे में प्रत्येक परिवार की सही जानकारी दर्ज होना बेहद जरूरी है। नागरिक बरतें सतर्कता, दें सही जानकारी गणनाकर्मियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में पूरा सहयोग करें तथा पूछे गए सवालों का सही और स्पष्ट जवाब दें, ताकि किसी भी सदस्य की जानकारी छूटने या गलत दर्ज होने की आशंका न रहे। साथ ही नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय संबंधित गणनाकर्मी की पहचान और आधिकारिक प्रक्रिया की पुष्टि भी करनी चाहिए। किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक का पासवर्ड या गोपनीय वित्तीय जानकारी न दें। जनगणना में आपकी भागीदारी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि देश के विकास में आपकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। सही जानकारी दें, जिम्मेदार नागरिक बनें और जनगणना अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

घोरावल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवसः डीएम और एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

तहसील संवाददाता, डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"/ समाज जागरण



घोरावल/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ और पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच करे और प्रकरणों का प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इसका उद्देश्य फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं न्यायोचित समाधान कराना है। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच करे और प्रकरणों का प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इसका उद्देश्य फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं न्यायोचित समाधान कराना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रत्येक मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसकी गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों ने भी अपने-अपने सर्किल की संबंधित तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के त्वरित और नियमा नुसार निस्तारण के लिए संबंधित अधि कारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यालय से दूर मध्य प्रदेश की सीमा तक पहुंचे जिलाधिकारी, सुदूरवर्ती बूथों का किया निरीक्षण

समाज जागरण



सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुन रीक्षण अभियान के अंतर्गत जिला धिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 400-घोरावल के मध्य प्रदेश सीमा से सटे सुदूरवर्ती बूथों का निरीक्षण कर अभियान की जमीनी प्रगति का जायजा लिया। जिला धिकारी ने लंबी दूरी तय कर मध्य प्रदेश सीमा के निकट स्थित बूथ कोरट के मतदेय स्थल संख्या-250 एवं 251 तथा बूथ रिजुल के मतदेय स्थल संख्या-249 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) से मतदाता पंजीकरण एवं पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं पात्र महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 21 नवंबर को जनपद के सभी 1,659 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इसी क्रम में 22 नवंबर को भी जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवा एवं महिला मत दाताओं से पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 प्राप्त करेंगे। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन तथा आवश्यकतानुसार अन्य कार्यवाही के लिए भी आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि सुदूरवर्ती एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में भी अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दूरी अथवा किसी अन्य कारण से कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। प्रशासन का संकल्प है कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र तक मतदाता पुनरीक्षण अभियान की पहुंच सुनिश्चित हो तथा कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटने न पाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

दिव्यांगजनों को मिला सशक्तीकरण का सहारा, शिविर में 97 सहायक उपकरणों का किया गया वितरण

समाज जागरण



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विकास खण्ड रॉबट्र्सगंज परिसर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में माननीय विधायक रॉबट्र्सगंज भूपेश चौबे एवं ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत के कर-कमलों द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को कुल 97 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसमें 05 मोटरा इज्ड ट्राईसाइकिल, 20 व्हीलचेयर, 30 ट्राईसाइकिल, 06 स्मार्ट केन, 01 लेप्रोसी किट, 20 जोड़ी बैसाखी एवं 15 छड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सहायक उपकरणों के वितरण से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी तथा उनकी गतिशीलता एवं आत्म निर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। शिविर में खण्ड विकास अधिकारी रॉबट्र्सगंज लालजी शुक्ला, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती दिव्या शुक्ला, सुयश कुमार शुक्ला, राजकुमार, वरिष्ठ सहायक, विनय कुमार शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित विभाग एवं विकास खण्ड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

मदरसा बोर्ड परीक्षा वर्ष-2027 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 नवम्बर से होगी प्रारम्भ

समाज जागरण/ अकबर अली



सोनभद्र । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्ड्री फारसी एवं अरबी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष-2027 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 23 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ की जा रही है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं के लिए परिषद द्वारा निर्धारित समय-सारणी जारी कर दी गई है। परीक्षा वर्ष-2027 हेतु निर्धारित समय-सारणी के अनुसार मदरसे के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 23 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2026 निर्धारित की गई है। वहीं, मदरसे के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2026 तथा आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर 2026 निर्धारित की गई है। इसी क्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों में संदिग्ध डाटा को सम्मिलित करते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर लॉक करने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2026 निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि समस्त मदरसों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या यह सुनिश्चित करें कि मदरसे को जिस स्तर तक मान्यता प्राप्त है, उसी स्तर तक के छात्र-छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाएं। साथ ही परीक्षार्थियों द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क राजकीय कोष में जमा किया जाना अनिवार्य है। शुल्क जमा होने की पुष्टि के उपरान्त ही आवेदन पत्र अग्रसारित किए जाएं। जनपद के समस्त मदरसा प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरने, शुल्क जमा करने तथा आवेदन पत्रों को लॉक करने की कार्यवाही समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन में असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं आवश्यक संशोधन (अपडेट/ डिलीट) करने की सुविधा मदरसा पोर्टल की वेबसाइट https: // madars aboard.u psdc.gov.in/ पर उपलब्ध र हेगी।

डीएम ने तहसील घोरावल स्थित EVM/VVPAT जागरूकता एवं प्रशिक्षण

स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण, सुरक्षा एवं CCTV व्यवस्था का लिया जायजा

समाज जागरण



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज तहसील घोरावल परिसर में स्थापित ईवीएम (EVM) एवं वीवीपैट (VVPAT) जागरूकता तथा प्रशिक्षण स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की समग्र सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम परिसर में लगाए गए सीसीटीवी (CCTV) कैमरों की कार्यशीलता को स्वयं परखा और निगरानी प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे (24x7) सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत आपूर्ति और बैकअप व्यवस्था को हर समय दुरुस्त रखा जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं निगरानी में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा तैनात सुरक्षाकर्मी पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कोरट सहित पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

समाज जागरण



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज प्राथमिक विद्यालय कोरट का औचक निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय में बाउंड्रीवॉल का निर्माण नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए तत्काल स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र कराया जा सके। विद्यालय की कंप्यूटर लैब के निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर अव्य वस्थित पाए गए तथा साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कंप्यूटर लैब की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा सभी कंप्यूटरों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला धिकारी ने पंचायत भवन कोरट का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन में कार्यरत कंप्यूटर सहायक से वहां संचालित कार्यों एवं जनसुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पंचायत भवन एवं उसमें संचालित सीएससी जनसेवा केंद्र के भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को भवन की रंगाई-पुताई एवं समुचित सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए, जिससे भवन स्वच्छ, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित दिखाई दे। जिलाधिकारी ने इसके बाद समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कोरट का भी निरीक्षण किया। केंद्र में कराए जा रहे सुंदरीकरण एवं रंगाई-पुताई के कार्यों को और बेहतर तरीके से कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक एवं स्वच्छ बनाया जाए तथा परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेर्शों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं।

फिटनेस के नाम पर कथित अवैध वसूली! ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने खोला मोर्चा, एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन

सरकारी शुल्क से इतर वाहन स्वामियों से वसूली जा रही मनमानी धनराशि, छोटे-बड़े कमर्शियल वाहन मालिकों में भारी आक्रोश फिटनेस सेंटरों की कार्यप्रणाली और शुल्क वसूली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। जनपद में संचालित निजी वाहन फिटनेस सेंटरों की कथित मनमानी, अनियमितता और निर्धारित सरकारी शुल्क से इतर वाहन स्वामियों से अतिरिक्त धनराशि वसूले जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। छोटे-बड़े निजी एवं कमर्शियल वाहनों के मालिकों की समस्याओं को लेकर सोनभद्र ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, सोनभद्र को ज्ञापन सौंपकर फिटनेस सेंटरों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने और कथित अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जनपद में स्थापित वाहन फिटनेस सेंटरों पर वाहनों की फिटनेस जांच एवं फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने के नाम पर निर्धारित सरकारी शुल्क के अतिरिक्त मनमाने ढंग से अत्यधिक धनराशि की मांग की जा रही है। इस प्रकार की अनियमित एवं कथित अवैध वसूली से छोटे-बड़े वाहन स्वामी परेशान हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है ज्ञापन में कहा गया है कि वाहन स्वामियों को पहले से ही डीजल, पेट्रोल, बीमा, टैक्स, मरम्मत तथा अन्य खर्चों में लगातार बढ़ोतरी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में फिटनेस कराने के नाम पर अतिरिक्त धनराशि की मांग वाहन मालिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। इससे वाहन स्वामियों में भारी असंतोष व्याप्त है। एसोसिएशन ने मांग की है कि जनपद में संचालित सभी फिटनेस सेंटरों की कार्यप्रणाली एवं शुल्क वसूली की निष्पक्ष जांच कराई जाए। फिटनेस के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क की सूची सेंटर परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराई जाए, ताकि वाहन स्वामियों को वास्तविक शुल्क की जानकारी मिल सके। निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त किसी भी प्रकार की धनराशि की वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही वाहन स्वामियों से मनमानी धनराशि वसूलने की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित सेंटर के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसोसिएशन ने यह भी मांग उठाई कि फिटनेस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं वाहन स्वामियों के लिए सुविधाजनक बनाया जाए तथा प्रत्येक वाहन स्वामी को जमा की गई धनराशि की विधिवत रसीद उपलब्ध कराई जाए। संगठन ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेकर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की है, जिससे वाहन स्वामियों को कथित आर्थिक शोषण से राहत मिल सके ज्ञापन पर सोनभद्र ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हस्ताक्षर कर विभाग से समस्या के त्वरित समाधान की मांग की है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश देव पाण्डेय, उपाध्यक्ष अंकुर कश्यप, सुरेश गुप्ता, मनीष सिंह, आनंद शंकर दूबे, महामंत्री अभिषेक चौबे, देवेन्द्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष आनन्द देव पाण्डेय, मीडिया प्रभारी सुरेंद्रनाथ चौबे, सचिव अविनाश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, दीपक सिंह, अशोक पासवान, रोहित सिंह, सुनील कुमार चौबे, रंजित कुमार पाण्डेय, अभिषेक कुमार सिंह, दिनेश कुमार, नीरज यादव, अवनीश कुमार पाण्डेय, सुमेर मौर्या समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति परखने पहुंचे मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर, किया निरीक्षण

समाज जागरण



सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के क्रम में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मा० मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर राजेश प्रकाश ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 400-घोरावल के कम्पोजिट विद्यालय पेढ़ स्थित बूथ संख्या-37 तथा तहसील मुख्यालय घोरावल स्थित ईडीसी (EDC) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं नए मतदाताओं के पंजीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही पात्र युवा एवं महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

पंचतत्व में विलीन माँ को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि : भिखारी प्रजापति

समाज जागरण



सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश इकाई की वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। वर्चुअल बैठक में पूज्य योगी जी की माँ के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर धमार्चार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिओम पाठक ने कहा कि, जब-जब देश दुनिया में योगी आदित्यनाथ जी की चर्चा होगी, तब तब यह उत्सुकता बनेगी कि,इतने महान व्यक्ति की माँ कौन थी। लोग सावित्री देवी को लोक संन्यासी योगी आदित्यनाथ जी की माँ के रूप में याद रखेंगे। शोक सभा में प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना, राजेंद्र शर्मा ,रुद्र कुमार पाठक, गंगा शर्मा कौशिक, अखिलेश मिश्र, प्रवीण सिंह चंदेल, संगीता मिश्रा, श्याम बाबू शर्मा, दीपक त्रिपाठी ,शरद परमार, मनोज प्रजापति ,चंद्र भूषण शुक्ला, राजू सिंह प्रधान, श्रीवंत तिवारी, नीलम गिरी , डॉ आशा शर्मा, अंकित उपाध्याय, इंद्रदीप जैन, सुधीर श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, मनोज नागर, चौधरी विजय सिंह, दिनेश कुमार चौबे, अंकित सिंह, मानसी गुप्ता, डिंपल गंभीर, विभा त्रिपाठी, ममता गोस्वामी,सौरभ तिवारी राजेश शर्मा, गंगा धाकड़, विनोद जैन,आशा प्रजापति, किन्नर किरन नंदगिरी, किन्नर आरती नंदगिरी, गौरव शर्मा, नमन अग्रवाल, संजय सिंघल सहित काफी संख्या में लोगों ने योगी जी की माँ को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देकर

साढ़े नौ बजे तक विद्यालय में शिक्षिका का इंतजार करते रहे बच्चे, ग्रामीणों ने उठाई निगरानी व्यवस्था पर सवाल

समाज जागरण/संतोष कुमार

बीजपुर/सोनभद्र। सरकारी विद्यालयों में अनुशासन और समय की पाबंदी का पाठ पढ़ाया जाता है, लेकिन जब शिक्षक ही समय पर विद्यालय नहीं पहुंचें तो शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ऐसा ही मामला बीजपुर शांतिनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय बीजपुर कॉलोनी में शनिवार को सामने आया, जहां सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक शिक्षिका की अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी रही। जानकारी के अनुसार विद्यालय में तैनात दो शिक्षिकाओं में नंदनी अवकाश पर थीं, जबकि दूसरी शिक्षिका प्रियंका सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक विद्यालय पहुंची थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में देर से पहुंचने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पत्रकार संतोष कुमार द्वारा देरी का कारण पूछने पर शिक्षिका प्रियंका ने बारिश की वजह से देर होने की बात कही। इस पर ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि बारिश हो रही थी तो बच्चे भी उसी परिस्थिति में विद्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में समय पालन और नियमित निगरानी की व्यवस्था प्रभावी नहीं है। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति और विभागीय निरीक्षण की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। अब ग्रामीणों को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई का इंतजार है। सवाल यह है कि विद्यालयों में समयबद्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़, स्थानीय मखाना और प्राकृतिक उत्पादों की खूब हुई बिक्री

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



शहीद अशफाकउल्लाह खान स्टेडियम, खगड़ा में शनिवार को दो दिवसीय किसान मेला-सह-कृषि प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी नवीन कुमार ने किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (राजस्व), उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। मेले में जिले के लगभग 1500 किसानों ने भाग लिया और कृषि से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के प्रति जागरूक करना तथा कृषि में नवाचार और विविधीकरण को बढ़ावा देना रहा।

मेले में स्थानीय किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित सब्जियों, मसालों एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। चपाती गांव में विकसित प्राकृतिक खेती एवं मल्टीलेयर फार्मिंग का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मॉडल के माध्यम से किसान कम लागत में विविध प्रकार की फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती समूहों द्वारा तैयार सब्जियों एवं मसाला उत्पादों की बिक्री भी की गई। स्थानीय मखाना उत्पादकों के लिए भी मेला बेहतर बाजार साबित हुआ। यहां लगभग चार क्विंटल मखाना की बिक्री हुई। इसके अलावा ताजी सब्जियों और विभिन्न मसाला उत्पादों की भी अच्छी बिक्री हुई। इससे स्थानीय किसानों एवं उत्पादक समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर मिला।

मेले में कृषि एवं संबंधित विभागों और संस्थानों की ओर से कई जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए। इनमें कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ. कलाम कृषि महाविद्यालय के मत्स्य विभाग, जिला गव्य विकास कार्यालय, जीविका, आत्मा, जिला उद्यान कार्यालय, कृषि यंत्र एवं मशीनरी, स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली तथा सौर ऊर्जा से संबंधित स्टॉल शामिल रहे। नाबार्ड की ओर से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और कृषि ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई। वहीं नगर विकास विभाग की ओर से गृह प्रवेश योजना से संबंधित स्टॉल लगाया गया।

किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया एवं उसके लाभों से अवगत कराया गया। उप निदेशक कृषि अभियंत्रण ने पराली प्रबंधन और कृषि अवशेषों के उपयोग की जानकारी दी। पौधा संरक्षण विभाग की टीम ने फेरोमोन ट्रैप सहित कीट नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया। वहीं मिट्टी जांच प्रयोगशाला की टीम ने मृदा स्वास्थ्य, मिट्टी जांच और संतुलित उर्वरक के उपयोग के महत्व को समझाया। किसानों को ड्रैगन फ्रूट सहित अन्य फसलों को जंगली जानवरों एवं हाथियों से बचाने के लिए खेतों में फेंसिंग और अन्य सुरक्षात्मक उपायों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कृषि अभियंत्रण, पौधा संरक्षण, रसायन एवं मिट्टी जांच प्रयोगशाला, उद्यान विभाग के पदाधिकारियों के अलावा सभी सहायक निदेशक, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार सक्रिय रूप से मौजूद रहे। मेले में करीब 1500 किसानों के अलावा विभिन्न विभागों, जीविका एवं संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। किसानों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर नई कृषि तकनीकों, उपकरणों और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती से जोड़ने के साथ स्थानीय कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आमदनी में वृद्धि हो सके।

प्रधानमंत्री ने किशनगंज की 600 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

सड़क, बिजली, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं का होगा विस्तार, 6,600 लाभुकों को मिला पक्का आवास

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वैशाली जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशनगंज जिले की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर खगड़ा स्थित शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जिले में सड़क, ऊर्जा, शिक्षा, पेयजल एवं आवास से जुड़ी योजनाओं को नई गति मिली। इनमें 602.24 करोड़ रुपये की लागत से बायसी-बहादुरगंज-दिघलबैंक राज्य उच्च पथ संख्या-99 (एसएच-99) के उन्नयन कार्य का उद्घाटन प्रमुख रहा।

बिहार राज्य पथ परियोजना-क्क्क्क के फेज-2 के तहत बायसी-बहादुरगंज-दिघलबैंक सड़क के उन्नयन, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि 602.24 करोड़ रुपये है। कुल 65.350 किलोमीटर लंबी सड़क में किशनगंज जिले के हिस्से में 33.315 किलोमीटर तथा पूर्णिया जिले में 32.035 किलोमीटर सड़क शामिल है। परियोजना के तहत दो लेन एवं चार लेन की सड़क, दो बड़े पुल, नौ छोटे पुल तथा 145 पुलियों का निर्माण एवं उन्नयन किया गया है।

यह सड़क पूर्णिया जिले के बायसी में एनएच-27 से शुरू होकर बहादुरगंज में एनएच-327ई को जोड़ते हुए दिघलबैंक प्रखंड के हरवाडांगा में भारत-नेपाल सीमा सड़क से जुड़ती है। इसके चालू होने से कोचाधामन, बहादुरगंज, दिघलबैंक, अमौर और बायसी सहित आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा। स्वास्थ्य केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और बाजारों तक पहुंच आसान होने के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

ऊर्जा विभाग के अंतर्गत जिले में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित तीन 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्रों का उद्घाटन किया गया। इनमें बहादुरगंज प्रखंड के लौचा (तेघरिया), पोठिया प्रखंड के निमलगांव (डामलबाड़ी) तथा किशनगंज प्रखंड के खगड़ा (महेशबथना) स्थित विद्युत उपकेंद्र शामिल हैं। इनके शुरू होने से संबंधित क्षेत्रों में बिजली वितरण व्यवस्था की क्षमता बढ़ेगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलने में मदद मिलेगी।

ठाकुरगंज प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय राजागांव के उन्नत विद्यालय भवन का भी उद्घाटन किया गया। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी और पठन-पाठन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में सहायता मिलेगी।

किशनगंज शहरी जलापूर्ति परियोजना फेज-क्क्क्क का शिलान्यास किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग की इस परियोजना पर 53.72 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना पूरी होने पर शहर के लगभग 3,892 परिवारों को पाइपलाइन के माध्यम से 24 घंटे पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इससे लोगों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत जिले में कुल 6,600 लाभुकों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें किशनगंज शहरी क्षेत्र के 4,100, बहादुरगंज प्रखंड के 1,800 तथा ठाकुरगंज प्रखंड के 700 लाभुक शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक रूप से 11 लाभुकों को गृह प्रवेश के लिए आवास की चाबी सौंपी गई।

इन विकास परियोजनाओं से किशनगंज जिले में सड़क संपर्क, बिजली आपूर्ति, शिक्षा, पेयजल और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने की उम्मीद है। खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क से आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

चिल्हनियां में मनरेगा के 19 मजदूरों की हाजिरी कागजों पर, धरातल पर काम नदारद

सरपंच ने स्थल निरीक्षण कर उठाए सवाल, कार्यस्थल पर नहीं मिला योजना का सूचना पट

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ (किशनगंज)। टेढ़ागाछ प्रखंड की चिल्हनियां पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। पंचायत के वार्ड संख्या-5 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरी कास्त खर्रा में चारदीवारी सह इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का जायजा लेने शनिवार को सरपंच कैलाश बोसाक कार्यस्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के अभिलेखों में 19 मजदूरों से काम कराया जाना दर्शाया गया है, लेकिन मौके पर कार्य होता हुआ नजर नहीं आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त कार्य मनरेगा योजना के तहत कराया जा रहा है। योजना संख्या 0542001010/अश/श्इ/20487063 तथा मास्टर रोल संख्या 12932 एवं 12933 में 19 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज होने की बात सामने आई है। सरपंच कैलाश बोसाक ने सवाल उठाया कि जब अभिलेखों में मजदूरों से काम कराया जाना दर्शाया जा रहा है तो स्थल पर कार्य क्यों नहीं दिखाई दे रहा है? उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा अनियमितता की पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर योजना से संबंधित सूचना पट भी नहीं मिला। नियमानुसार निर्माण स्थल पर योजना का नाम, प्राक्कलित राशि, योजना संख्या, कार्य की अवधि सहित अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदर्शित की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों को कार्य की पूरी जानकारी मिल सके।

गौरतलब है कि चिल्हनियां पंचायत में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्व में भी शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में अभिलेखों में दर्ज मजदूरों की उपस्थिति और धरातल पर कार्य की स्थिति के बीच कथित अंतर ने योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस संबंध में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए कनीय अभियंता को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब जांच रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा कि योजना में दर्ज मजदूरों की उपस्थिति और कार्य की वास्तविक स्थिति में कितना अंतर है।

भोजपुरी लोक गायिका देवी ने फुलवड़िया दुर्गा मंदिर में की पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं के साथ ली सेल्फी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ (किशनगंज)। भोजपुरी जगत की प्रसिद्ध लोक गायिका देवी शनिवार को टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के फुलवड़िया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचीं। उन्होंने मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

बताया जाता है कि भोजपुरी लोक गायिका देवी, गोविंदा तिवारी के विशेष आग्रह पर फुलवड़िया दुर्गा मंदिर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोविंदा तिवारी के आग्रह पर उन्हें यहां आने और मां दुर्गा के दर्शन-पूजन का अवसर मिला। मंदिर पहुंचकर उन्हें काफी प्रसन्नता हुई। यहां के लोगों का स्नेह और अपनापन देखकर उनका मन अभिभूत हो गया। फुलवड़िया के लोगों का यह प्यार हमेशा याद रहेगा। गायिका देवी के मंदिर पहुंचने की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। इस दौरान दर्जनों महिलाएं और मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने उनसे मुलाकात की और उनके साथ सेल्फी ली। देवी ने भी सभी से आत्मीयता के साथ बातचीत की। अपने बीच भोजपुरी जगत की चर्चित गायिका को पाकर स्थानीय लोग काफी उत्साहित नजर आए। उनका फुलवड़िया दुर्गा मंदिर पहुंचना क्षेत्र के लोगों के लिए यादगार पल बन गया।

नबीनगर में चक्रवाती तूफान अकवान का दिखा असर, बढ़ा ठंड का प्रकोप

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अकवान का असर अब नबीनगर में भी साफ दिखने लगा है। गुरुवार से ही नबीनगर के आसमान में बादलों का डेरा है, सुबह-शाम ठंडी पुरवा हवा चल रही है और हल्की बूंदाबांदी से मौसम पूरी तरह बदल गया है।मौसम विभाग के अनुसार अकवान 20 नवंबर की सुबह गोपालपुर के पास ओडिशा-आंध्र प्रदेश तट से टकराया था। टकराने के बाद यह कमजोर होकर निम्न दबाव के क्षेत्र में बदल गया, लेकिन इसकी नमी भरी हवाओं से बिहार में बादल और बारिश का दौर बना हुआ है। सुबह से आसमान में घने बादल, ठंडी पुरवा हवा चलने से दिन में भी ठंड का एहसास, सुबह और रात में कोहरर, बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही में कमी, लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए। मौसम विभाग ने बिहार के 13 जिलों जिसमें औरंगाबाद भी शामिल है बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, 23 नवंबर से आसमान साफ होने की उम्मीद है।नबीनगर इलाके में खेतों में धान की फसल तैयार है। लगातार बादल और बूंदाबांदी से धान की फसल को नुकसान की आशंका है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है



पटना के पालीगंज में खेत में मिला किसान का शव

करंट और हत्या दोनों एंगल से जांच में जुटी पुलिस

समाज जागरण



पटना/ जिला के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत पियरपुरा गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के पीछे स्थित खेत में एक किसान का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान 61 वर्षीय चंद्र विजय सिंह के रूप में हुई है। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के अनुसार, चंद्र विजय सिंह शुक्रवार शाम शौच के लिए घर से निकले थे। काफी समय बीतने और देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिवार के सदस्यों को चिंता होने लगी। परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने घर के पीछे खेत में उनका शव पड़े होने की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। इस घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं, घटनास्थल के हालात ने मामले को और उलझा दिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक के शरीर पर फिलहाल चोट के स्पष्ट निशान नजर नहीं आए हैं। हालांकि, घटनास्थल के पास बिजली के दो पोल गिरे हुए मिले हैं। ऐसे में पुलिस इस पहलू से भी इनकार नहीं कर रही है कि किसान की मौत बिजली के तार या करंट के संपर्क में आने से हुई हो। फिलहाल मौत की वास्तविक वजह को लेकर स्थिति साफ नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पियरपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से जरूरी नमूने और साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष पूजा राठी ने बताया कि ग्रामीणों से खेत में शव मिलने की सूचना मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और ऋछ जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि किसान की मौत हत्या है, करंट लगने से हुआ हादसा या कोई अन्य कारण। पुलिस हर एंगल से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

पटना के पालीगंज में खंडहर से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, नकदी और तराजू बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिला के पालीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालगंज सेहरा स्थित एक खंडहर से पुलिस ने ब्राउन शुगर (स्मैक) की खरीद-बिक्री करते हुए तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के मुताबिक, मौके से पकड़े गए तीनों अभियुक्त पटना जिले के ही रहने वाले हैं। इनकी पहचान 01. राजा कुमार (पिता स्वर्गीय अखिलेश पासवान, निवासी चन्दोष, थाना सिगोड़ी), 02. मंटू कुमार (पिता स्वर्गीय राम इकबाल यादव, निवासी गोवारी, थाना सिगोड़ी) और 03. आर्यन कुमार उर्फ मंटू (निवासी लालगंज सेहरा, थाना पालीगंज) के रूप में हुई है। तीनों लंबे समय से चोरी-छिपे नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त बताए जा रहे हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से मादक पदार्थ और तस्करी से जुड़ी कई अहम सामग्री बरामद की है। बरामद सामानों में 15.56 ग्राम ब्राउन शुगर, स्मैक बिक्री के 19,830 रुपये नकद, 08 पीस मोबाइल फोन और स्मैक तौलकर बेचने में इस्तेमाल होने वाली 02 पीस पाउस मशीन (इलेक्ट्रिक तराजू) शामिल हैं।

पुलिस ने सभी बरामद सामानों को जब्त कर लिया है और गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये लोग ब्राउन शुगर की खेप कहां से लाते थे और पालीगंज व आसपास के क्षेत्रों में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करते थे। मामले में संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश भी जारी है।

नबीनगर :माली थाना पुलिस ने दो आजमानतीय वारंटी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वारंटियों की पहचान सुदर्शन यादव, पिता लगन यादव, ग्राम करहरी और अखिलेश यादव, पिता रामचंद्र यादव, ग्राम माली दोनों थाना माली, जिला औरंगाबाद के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष माली द्वारा बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों वारंटी अपने-अपने ग्राम आवासीय परिसर में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर माली थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद दोनों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।



पटना के नौबतपुर में रॉन्ग साइड से आ रही एम्बुलेंस और ऑटो की आमने-सामने टक्कर, पांच लोग घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के नौबतपुर के गोनवां ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिहटा-सरमेरा रोड पर गोनवां गांव के समीप शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां रॉन्ग साइड से आ रही एक सरकारी एम्बुलेंस ने सामने से आ रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो सवार दो महिलाओं समेत चार लोग और एम्बुलेंस चालक घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, ऑटो पर सवार सभी लोग मनेर थाना क्षेत्र के महिनावां गांव के रहने वाले थे और नौबतपुर बाजार में आयोजित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान डिलीवरी पेशेंट को छोड़कर लौट रही बिहटा रेफरल अस्पताल की सरकारी एम्बुलेंस कथित तौर पर रॉन्ग साइड से आ रही थी और गोनवां गांव के पास ऑटो से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने घायलों को बाहर निकालने में मदद की।

इस सड़क हादसे में घायल लोगों की पहचान मनेर के महिनावां गांव निवासी ऑटो चालक मुकेश कुमार, बसंती देवी, चिंता देवी सहित ऑटो में सवार अन्य यात्रियों के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में सरकारी एम्बुलेंस का चालक सौरभ भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम और गोनवां ओपी प्रभारी मंजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए नौबतपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में सभी का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस और ऑटो को कब्जे में ले लिया है तथा मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि एम्बुलेंस किस परिस्थितियों में रॉन्ग साइड से आ रही थी और दुर्घटना के पीछे क्या कारण रहे।

चंद्रवंशी समाज ने धूमधाम से मनाई 5229वीं जरासंध जयंती, एकजुटता और शिक्षा पर दिया जोर

महाराज जरासंध के शौर्य और स्वाभिमान को किया याद, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा सामाजिक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

पंकज कुमार पाठक,समाज जागरण



पदमा - पदमा बाजार स्थित चंद्रवंशी भवन में शनिवार को 5229वीं जरासंध जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर चंद्रवंशी समाज के लोगों ने मगध सम्राट महाराज जरासंध के शौर्य, पराक्रम, स्वाभिमान और गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उपाध्यक्ष गौरीशंकर सिंह ने कहा कि एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत और पहचान है। इसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं पंकज सिंह ने कहा कि महाराज जरासंध की वीरता और स्वाभिमान से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है, ताकि युवा अपनी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को समझ सकें। सुदर्शन सिंह ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए समाज के लोगों को सामूहिक रूप से पहल करनी होगी।

वक्ताओं ने कहा कि जरासंध जयंती केवल महापुरुष को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे, सम्मान और संगठन की शक्ति को मजबूत करने का भी दिन है। समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, जागरूकता और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। इसके लिए सभी को मिलकर सकारात्मक प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम में चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह, उपाध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, पंकज सिंह, नंदकृष्ण सिंह, अशोक सिंह, उमेश सिंह, गौतम सिंह, पिंटू सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रेम सिंह, वासुदेव सिंह, सुदर्शन सिंह, सत्यनारायण सिंह, विकास सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

शादी के लिए लड़की देखकर लौट रहे तीन लोग हादसे का शिकार, रेण नदी पुल की रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की मौत

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम 7:30 एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महलपुर स्थित रेण नदी पुल पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे 21 वर्षीय युवक रमेश की मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे भाई बबून्दर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार उनके चाचा गुलाब कनौजिया भी हादसे में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, जुगैल थाना क्षेत्र के ग्राम टापू के गौरा टोला निवासी रमेश (21) पुत्र राजकुमार अपनी मोटरसाइकिल से अपने चाचा गुलाब कनौजिया (52) पुत्र भुनाई और चचेरे भाई बबून्दर (20) पुत्र गुलाब के साथ शादी के लिए लड़की देखने गए थे। तीनों लड़की देखकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 7:30 बजे महलपुर स्थित रेण नदी पुल पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ पुल की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। गनीमत रही कि कोई भी नदी में नहीं गिरा। हादसे में रमेश और बबून्दर को गंभीर चोटें आईं, जबकि गुलाब कनौजिया बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले गए। वहां चिकित्सकों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। हालांकि, परिजन रमेश के शव और घायल बबून्दर को एंबुलेंस से किसी अन्य अस्पताल लेकर चले गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। गुलाब कनौजिया पुलिस के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसा किसी अन्य वाहन की टक्कर से नहीं हुआ, बल्कि बाइक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि पुल पर बालू की परत होने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिस वजह से यह दर्दनाक हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में शादी के लिए लड़की देखकर लौट रहे परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

योगी सरकार राजधानी में स्थापित करेगी प्रदेश का पहला निफ्टेम सैटेलाइट सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मिलेगी नई उड़ान

- राजधानी में सेंटर के लिए तीन स्थान किए गये चिह्नित, आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और प्रशिक्षण से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

- खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता जांच से लेकर नए उत्पादों के विकास को मिलेगी विशेषज्ञों की मदद, उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार होंगे पाठ्यक्रम

समाज जागरण

लखनऊ, 21 नवंबरः योगी सरकार ने प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार राजधानी लखनऊ में प्रदेश का पहला राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिये हैं। इसके लिए राजधानी में तीन स्थानों क्रमशः राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र आलमबाग, राजकीय उद्यान अलीगंज और उद्यान निदेशालय हजरतगंज को चिह्नित किया गया है। सेंटर की स्थापना से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तकनीकी रूप से मजबूत करने के साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे।

उद्योगों की जरूरत के अनुसार तैयार होंगे पाठ्यक्रम अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बाबू लाल मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में कृषि और उद्यानिकी को केवल परंपरागत खेती तक सीमित न रखकर उसे आधुनिक तकनीक और उद्योगों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में निफ्टेम का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। इस केंद्र के माध्यम से किसानों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिल सकेगा। सेंटर के संचालन और विकास में निफ्टेम सोनीपत के विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यहां खाद्य परीक्षण, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान एवं विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और इन्क्यूबेशन से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए जरूरी शैक्षणिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता जांचने, उनकी तकनीकी कमियों को दूर करने और नए उत्पाद विकसित करने में मदद मिलेगी। प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी किए जाएंगे संचालित

अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने बताया कि निफ्टेम के सैटेलाइट सेंटर में खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों को उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही विद्यार्थियों और संबंधित क्षेत्र के लोगों के लिए समय-समय पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। संस्थान में शिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों की क्षमता बढ़ाने के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) भी चलाए जाएंगे। इसके माध्यम से शिक्षकों को खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नए बदलावों, आधुनिक तकनीकों और अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाए। इसके लिए एकीकृत शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रणाली भी तैयार की जाएगी। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता जांच और प्रमाणन की व्यवस्था मजबूत करना भी इस पहल का प्रमुख हिस्सा है। इसके तहत निफ्टेम के सहयोग से क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केंद्र (आरएफआरएसी), लखनऊ को तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। एपीडा और राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से संबंधित प्रक्रियाओं में भी संस्थान के विशेषज्ञ मदद करेंगे। इससे खाद्य परीक्षण और गुणवत्ता आश्वासन से जुड़ी संस्थागत क्षमताओं का विकास होगा। खाद्य उत्पाद तैयार करने वाले उद्यमियों को गुणवत्ता मानकों की जानकारी और तकनीकी सहयोग मिल सकेगा। इससे प्रदेश के खाद्य उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता के साथ बाजार में उतारने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी स्वीकार्यता बढ़ेगी।

विद्यार्थियों को मिलेगा प्रयोगात्मक ज्ञान और अनुसंधान का अवसर

निफ्टेम सैटेलाइट सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव देने पर भी विशेष जोर रहेगा। इसके लिए विद्यार्थियों का निफ्टेम सोनीपत में शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों के लिए प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों से युवाओं को अपनी तकनीकी दक्षता साबित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इस पहल के तहत एमएससी के विद्यार्थियों के लिए विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को चयनित गांवों से जोड़कर कृषि, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। विद्यार्थी गांवों में जाकर कृषि उत्पादों की उपलब्धता, उनके प्रसंस्करण और उनसे जुड़े अवसरों को समझ सकेंगे। इससे उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के बीच संबंधों की बेहतर जानकारी मिलेगी। इसके अलावा राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के एमएससी विद्यार्थियों को अनुसंधान और नए खाद्य उत्पादों के विकास से जुड़ी परियोजनाओं में सीधे शामिल किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में काम करने, नए उत्पाद तैयार करने और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार करने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रदेश में स्थानीय कृषि एवं उद्यान उत्पादों पर आधारित नए खाद्य उत्पाद विकसित करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

इन प्रमुख संस्थानों के सहयोग से विकसित होगा सेंटर

निफ्टेम के सैटेलाइट सेंटर को धरातल पर उतारने के लिए देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा। इसमें निफ्टेम सोनीपत के साथ केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (आईसीएआर-सीआईएसएच), केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) और लखनऊ विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इन संस्थानों के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ लेकर खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र के लिए तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था तैयार की जाएगी।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने के लिए उठी आवाज

ग्राम पंचायत गुरेठ में स्वयं सहायता समूह कार्यालय, उत्पाद क्रय-विक्रय केंद्र और मिनी स्टेडियम निर्माण की मांग, समीना खान ने जिलाधिकारी को सौंपा मांगपत्र



समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत गुरेठ में तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की मांग उठाई गई है। इस संबंध में राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव समीना खान ने जिलाधिकारी सोनभद्र को मांगपत्र देकर महिला स्वयं सहायता समूह कार्यालय, उत्पाद क्रय-विक्रय केंद्र एवं मिनी स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत गुरेठ में संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को नियमित बैठकें आयोजित करने के लिए उपयुक्त भवन उपलब्ध नहीं है। किराये के भवन की व्यवस्था नहीं होने से समूह की बैठकें और अन्य जरूरी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में महिला समूहों के लिए एक स्थायी कार्यालय एवं समूह भवन का निर्माण बेहद जरूरी है।मांगपत्र में महिलाओं द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों की बिक्री का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। महिलाओं के पास हुनर और उत्पाद तो हैं, लेकिन उनके उत्पादों के क्रय-विक्रय एवं विपणन के लिए उचित केंद्र नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यदि ग्राम पंचायत में उत्पाद क्रय-विक्रय केंद्र स्थापित हो जाए तो महिलाओं को अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा और उनकी आमदनी बढ़ने के साथ आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा।वहीं, ग्रामीण युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मिनी स्टेडियम निर्माण की मांग की गई है। ग्राम पंचायत गुरेठ सहित आसपास के गांवों में खेलकूद की समुचित सुविधाएं नहीं होने से प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। मिनी स्टेडियम बनने से ग्रामीण प्रतिभाओं को अभ्यास, प्रतियोगिताओं और आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच मिल सकेगा।

तीन मांगें, ग्रामीण विकास की बड़ी उम्मीद महासचिव समीना खान ने जिलाधिकारी से जनहित को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर तीनों विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान कराने की मांग की है।अब देखना यह है

कि जिला प्रशासन ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती और युवाओं के खेल भविष्य से जुड़ी इन महत्वपूर्ण मांगों पर कितनी तत्परता दिखाता है। इन योजनाओं का धरातल पर साकार होना ग्राम पंचायत गुरेठ ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी विकास की नई राह खोल सकता है।

अभेद्य साइबर कवच से सुरक्षित होगा यूपी, डेटा से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तक की होगी पहरेदारी

सीएम योगी के विजन के अनुरूप एआई और क्वांटम तकनीक के दौर की चुनौतियों से निपटने को बनेगा सुपर फॉर्मूला

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सुरक्षा और साइबर हमलों से बचाव पर बनेगी रणनीति

यूपीएसआईएफएस, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, डीएससीआई और सिस्को की संयुक्त भागीदारी से बनेगा मास्टर प्लान

25 नवंबर को लखनऊ में जुटेंगे शासन, पुलिस, तकनीक और उद्योग जगत के दिग्गज, एआई और क्वांटम युग के खतरों से निपटने पर होगा मंथन

समाज जागरण

लखनऊ, 21 नवंबर : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम टेक्नोलॉजी और तेजी से बदलते डिजिटल परिदृश्य में साइबर हमलों के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश को भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। प्रदेश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी डेटा और महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा रणनीति तैयार करने पर मंथन होगा। इसके तहत उभरती तकनीकों से पैदा होने वाले जोखिमों की पहचान, साइबर हमलों से बचाव, संस्थागत क्षमताओं के विकास और विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस की ओर से 25 नवंबर को लखनऊ में विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) और वैश्विक तकनीकी कंपनी सिस्को की संयुक्त भागीदारी रहेगी। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के दिग्गज और शिक्षाविद एक मंच पर जुटकर डिजिटल उत्तर प्रदेश को सुरक्षित बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे। गोमती नगर विस्तार स्थित यूपी-112 मुख्यालय के प्रज्ञा कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक प्रस्तावित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की साइबर सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत, सक्रिय और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बनाना है। खासतौर पर सरकारी विभागों और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने के साथ एआई आधारित साइबर हमलों, डेटा चोरी, डिजिटल प्लेटफॉर्म की कमजोरियों और क्वांटम तकनीक से भविष्य में उत्पन्न होने वाले सुरक्षा जोखिमों पर चर्चा की जाएगी।

पांच प्रमुख उद्देश्यों पर केंद्रित होगा मंथन

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि कार्यशाला में पांच प्रमुख उद्देश्यों को केंद्र में रखकर रणनीतिक चर्चा होगी। पहले उद्देश्य के तहत एआई, क्वांटम और अन्य उभरती तकनीकों से पैदा होने वाले साइबर खतरों के प्रति शासन-प्रशासन में जागरूकता और रणनीतिक समझ विकसित की जाएगी। दूसरे उद्देश्य में सरकारी विभागों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों की मौजूदा साइबर सुरक्षा तैयारियों का आकलन किया जाएगा।

तीसरे उद्देश्य के तहत साइबर गवर्नेंस, साइबर घटनाओं के प्रबंधन और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उपाय तलाशे जाएंगे। चौथे उद्देश्य में एआई आधारित खतरों और क्वांटम युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की सुरक्षा प्रणालियों और तकनीकी समाधानों पर विचार होगा। वहीं, पांचवें उद्देश्य के तहत सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देकर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा।

डिजिटल सेवाओं की सुरक्षा और जवाबदेही पर भी जोर

कार्यशाला में सरकारी सेवाओं के संचालन में एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल से जुड़े सुरक्षा पहलुओं पर भी चर्चा होगी। डिजिटल सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के साथ नागरिकों के डेटा की गोपनीयता, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के बीच संतुलन स्थापित करने पर विशेष जोर रहेगा। इसके अलावा साइबर घटनाओं की समयबद्ध पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया और नुकसान को न्यूनतम करने के लिए संस्थागत तंत्र विकसित करने पर भी विचार किया जाएगा।

सरकार, उद्योग और एमएसएमई की साझेदारी पर फायरसाइड चैट

कार्यशाला का एक प्रमुख आकर्षण ह्यइनेबलिंग डिजिटल ग्रोथः गवर्नमेंट, इंडस्ट्री एंड एमएसएमईजह्न विषय पर आयोजित होने वाली फायरसाइड चैट होगी। इसमें सरकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने, उद्योग जगत की भागीदारी बढ़ाने, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करने और सुरक्षित सार्वजनिक सेवाओं के विस्तार जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य डिजिटल विकास की प्रक्रिया में सरकार, निजी क्षेत्र और एमएसएमई के बीच सहयोग के नए अवसर तलाशना है।

समन्वित साइबर सुरक्षा तंत्र विकसित करने की पहल : डॉ. जीके गोस्वामी कार्यशाला में शासन, पुलिस, तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के अनुभवों के आदान-प्रदान से प्रदेश के लिए एक सक्रिय और समन्वित साइबर सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के महत्वपूर्ण सुझाव सामने आएंगे। डिजिटल गवर्नेंस के विस्तार के साथ नागरिकों का सरकारी डिजिटल सेवाओं पर विश्वास बनाए रखना भी इस पहल का अहम पक्ष होगा। डेटा संरक्षण, सुरक्षित डिजिटल सेवाओं और तकनीकी क्षमता निर्माण के जरिए उत्तर प्रदेश को एआई और क्वांटम तकनीक के दौर की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की दिशा में यह कार्यशाला महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बेमौसम बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर, खेतों से खलिहानों तक धान की फसल बर्बाद होने की आशंका

लगातार बूंदाबांदी से खेतों में जलभराव, कटी धान की फसल भीगी; किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराया

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। मौसम के अचानक बदले मिजाज और लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में शुक्रवार एवं शनिवार को लगातार हो रही बूंदाबांदी से धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल से लेकर कटाई के बाद खेतों और खलिहानों में रखी धान की फसल तक बारिश की मार झेल रही है। इससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।बारिश के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल की कटाई प्रभावित हो गई है, वहीं हार्वेस्टिंग मशीनों का संचालन भी बाधित हो रहा है। खेतों में कटकर पड़ी धान की फसल लगातार भीगने से खराब होने की आशंका बढ़ गई



है। कई स्थानों पर खेतों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे फसल के सड़ने और दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। वहीं, जिन किसानों ने धान की कटाई कर फसल खलिहानों में रखी थी, उन्हें भी बारिश के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है।किसानों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि पहले ही खेती की लागत, खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च हो चुका है। ऐसे में तैयार फसल के खराब होने से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। लगातार बारिश के कारण कटाई, मड़ाई और फसल को सुरक्षित रखने का काम भी प्रभावित हो रहा है।बेमौसम बारिश का असर केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। पशु-पक्षियों के लिए भी प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। किसानों की मांग है कि प्रशासन बारिश से प्रभावित कृषि क्षेत्र का तत्काल सर्वे कराकर फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराए तथा पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा एवं राहत उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे अन्नदाताओं को कुछ राहत मिल सके। अब सवाल यह है कि मौसम की मार से बर्बाद होती किसानों की मेहनत पर प्रशासन कब संज्ञान लेगा और प्रभावित अन्नदाताओं को राहत कब मिलेगी?

गैंगस्टर एक्ट में लालू पटेल को दो साल की कैद,पांच हजार रुपये का लगा जुमार्ना

सोनभद्र की विशेष अदालत का बड़ा फैसला, जुमार्ना अदा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त भुगतना होगा कारावास जुगैल थाना क्षेत्र के गैंगस्टर मामले में अदालत ने सुनाई सजा, जेल में पहले से बिताई गई अवधि भी सजा में होगी समायोजित



समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में विशेष अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत दोषी पाए गए अभियुक्त लालू पटेल पुत्र रामराज उर्फ रामलाल पटेल को अदालत ने दो वर्ष के कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त न्यायालयीय आदेश के अनुसार, अभियुक्त लालू पटेल के विरुद्ध विशेष सत्र परीक्षण संख्या 611/2023 एवं मुकदमा अपराध संख्या 59/2022, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र में मामला दर्ज था।मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), 14वां वित्त आयोग/विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) सोनभद्र हरिकेश कुमार की अदालत ने 21 नवंबर 2026 को अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा इस मामले में जेल में पहले से बिताई गई अवधि को सुनाई गई सजा में समायोजित किया जाएगा। सजा के आवश्यक अनुपालन के लिए अभियुक्त का सजायाबी वारंट जिला कारागार सोनभद्र के जेल अधीक्षक को नियमानुसार भेजने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय के इस फैसले से स्पष्ट संदेश है कि गिरोहबंद एवं समाज विरोधी गतिविधियों से जुड़े मामलों में दोषसिद्धि होने पर कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बाल विवाह की कोशिश नाकाम, चाइल्ड हेल्पलाइन ने दो नाबालिगों का कराया रेस्क्यू

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोन थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में बाल विवाह की कोशिश की सूचना पर थाना कोन पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका और एक नाबालिग बालक सहित दो बच्चों का सफल रेस्क्यू किया। कार्रवाई के बाद बालिका को संरक्षण में भेज दिया गया, जबकि बालक को उसके परिजनों के साथ भेजते हुए काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में जनपद में बाल संरक्षण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान ग्राम रामगढ़ में बाल विवाह के प्रयास की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और विशेष टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। गठित टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन रॉबर्ट्सगंज की केस वर्कर सीमा शर्मा, बजरंग सिंह एवं वन स्टॉप सेंटर के नागेंद्र सिंह शामिल रहे। टीम ने थाना कोन पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर आवश्यक कार्रवाई की और दोनों नाबालिगों को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद थाना कोन में बच्चों की सुपुर्दगी से संबंधित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। थाना प्रभारी द्वारा नाबालिग बालिका को आगे की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, नाबालिग बालक को उसके परिजनों के साथ भेजते हुए सोमवार, 23 नवंबर को विकास भवन स्थित कार्यालय में काउंसलिंग के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन अपराध भी है। बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि कहीं बाल विवाह की तैयारी या प्रयास की जानकारी मिलती है अथवा किसी बच्चे के साथ बाल श्रम, शोषण या हिंसा की घटना सामने आती है तो लोग चुप न रहें और तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए उठाया गया एक छोटा कदम किसी बच्चे का भविष्य संवार सकता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। बाल विवाह रोकें, बच्चों का बचपन संवारें।

चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर - 1098। आपकी एक कॉल, किसी मासूम का बचपन बचा सकती है।

शक्तिनगर पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

समाज जागरण/ अकबर अली

शक्तिनगर/ सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शक्तिनगर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) मेविस टाक एवं क्षेत्राधिकारी



पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस ने वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने घरसड़ी पहाड़ी निवासी बबलू खान पुत्र इशराइल खान को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना शक्तिनगर क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, चौकी प्रभारी बीना उपनिरीक्षक घनश्याम तिवारी और कांस्टेबल सत्यम सरोज शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वारंटी एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।